केन्द्रीय आयुर्वेद एवं सिद्ध अनुसंधान परिषद

CENTRAL COUNCIL FOR RESEARCH IN AYURVEDA AND SIDDHA

वार्षिक प्रतिवेदन

ANNUAL REPORT

2002-2003

29

आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक चिकित्सा, सिद्ध एवं होम्योपैथी विभाग (आयुष)
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
(भारत सरकार) नई दिल्ली

Department of Ayurveda, Yoga & Naturopathy, Unani, Siddha and Homoeopathy (AYUSH)
Ministry of Health & Family Welfare.
(Govt. of India) New Delhi.

वार्षिक प्रतिवेदन

ANNUAL REPORT
2002-2003

केन्द्रीय आयुर्वेद एवं सिद्ध अनुसंधान परिषद
(भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन गठित स्वशासी निकाय)
जवाहर लाल नेहरु भारतीय चिकित्सा एवं होम्योपैथी अनुसंधान भवन
नं0 61-65 संस्थानिक क्षेत्र सम्मुख डी ब्लाक जनकपुरी नई दिल्ली -110058

CENTRAL COUNCIL FOR RESEARCH IN AYURVEDAAND SIDDHA
(An autonomous organization under Ministry of Health & Family Welfare, Govt. of India)
Jawahar Lal Nehru Bhartiya Chikitsa Evam Homeopathy Anusandhan Bhawan
No.61-65, Institutional Area, Opp. 'D' Block, Janakpuri, New Delhi-110058

विषय-सूची

क्र.सं.	विषय	पृष्ठ सं.
I	प्राक्कथन	1
II	प्रशासनिक प्रतिवेदन	4
III	तकनीकी प्रतिवेदन	
अ.	**आयुर्वेद**	
1.	संस्थान/केंद्र/एकक के लिए प्रयुक्त संकेताक्षर	15
2.	निदानचिकित्सात्मक अनुसंधान कार्यक्रम	17
	(अ) निदानचिकित्सात्मक परीक्षण	17
	(ब) रोग सममूह, रोगियों की संख्या और निदानचिकित्सात्मक अनुसंधान कार्यक्रम	32
	(स) बहिरंग रोगी विभाग और अंतरंग रोगी विभाग में प्रविष्ट/निर्मुक्त रोगियों की संख्या	34
	(द) स्वास्थ्य रक्षा अनुसंधान कार्यक्रम	35
3.	चिकित्सा-प्रजाति वानस्पतिक सर्वेक्षण कार्यक्रम	36
4.	औषध पादप कृषि कार्यक्रम	39
5.	कस्तूरी मृग प्रजनन कार्यक्रम	42
6.	भेषजअभिज्ञानीय अनुसंधान अध्ययन	43
7.	पादप ऊतक संजनन	44
8.	औषध मानकीकरण अनुसंधान कार्यक्रम	45
9.	भेषज गुण विज्ञानीय अनुसंधान कार्यक्रम	54
10.	वाङ्.मय अनुसंधान कार्यक्रम	60
11.	परिवार कल्याण अनुसंधान कार्यक्रम	62
12.	आमची चिकित्सा अनुसंधान कार्यक्रम	65
13.	प्रकाशन एवं सहभागिता	66

क्र.सं.	विषय	पृष्ठ सं.
ब.	**सिद्ध**	
1.	संस्थान / एककों के लिए प्रयुक्त संकेताक्षर	87
2.	निदानचिकित्सात्मक अनुसंधान कार्यक्रम	88
3.	चिकित्सा - वानस्पतिक अनुसंधान कार्यक्रम	92
4.	भेषजअभिज्ञानीय अनुसंधान कार्यक्रम	97
5.	भेषजगुण विज्ञानीय अनुसंधान कार्यक्रम	98
6.	औषध मानकीकरण अनुसंधान कार्यक्रम	100
7.	भेषज निर्माण	103
8.	वाड.मय अनुसंधान कार्यक्रम	103
9.	प्रकाशन एवं सहभागिता	104
IV.	**आभार**	107
V.	**अंग्रजी रूपान्तर**	1 से 94

I. प्राक्कथन

केंद्रीय आयुर्वेद एवं सिद्ध अनुसंधान परिषद, आयुष विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त शासी निकाय है तथा भारत में आयुर्वेद एवं सिद्ध चिकित्सा पद्धति में वैज्ञानिक विधि से शोध कार्य प्रतिपादित करने, उसमें समन्वय स्थापित करने, उसका विकास करने एवं समुन्नत करने से संबंधित शीर्ष संस्था है । यह परिषद देश के विभिन्न भागों में स्थित आयुर्वेद एवं सिद्ध के विश्वविद्यालयों/संस्थानों/अस्पतालों के माध्यम से अपने उद्देश्यों एवं कार्यों का संचालन एवं नियंत्रण करती है । प्रतिवेदन अवधि के दौरान विभिन्न अनुसंधान कार्यक्रमों के अंतर्गत किए गए कार्यों का विवरण इस प्रकार है:-

निदान चिकित्सात्मक अनुसंधान कार्यक्रम

आयुर्वेद में निदान चिकित्सात्मक कार्यक्रम के अंतर्गत तमक श्वास, परिणामशूल, ग्रहणी, अर्श, भगन्दर, कामला, मूत्राश्मरी, मधुमेह, व्यानबल वैषम्य, मेदोरोग, पक्षवध, पंगु, गृध्रसी, आमवात, मनोद्वेग, अपस्मार, मानसमंदता, तिमिर रोग, किटिभ, विषमज्वर एवं श्लीपद आदि का अध्ययन किया गया ।

सिद्ध चिकित्सा पद्धति के निदान चिकित्सात्मक कार्यक्रम के अंतर्गत इस वर्ष कलंजगपादाई, पुत्रुनोई, वलिगुन्मम्, मांजलकामलाई, संधिवाथशुलाई, यनिक्कल नोई, वेन्कुट्टम आदि रोगों का अध्ययन किया गया ।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत परिषद के विभिन्न संस्थानों/केंद्रों/एककों के अंतर्गत 5,20,732 रोगियों को बहिरंग रोगी विभाग तथा 2,479 रोगियों को अंतरंग रोगी विभाग में चिकित्सा प्रदान की गई ।

स्वास्थ्य रक्षा अनुसंधान कार्यक्रम

स्वास्थ्य रक्षा अनुसंधान कार्यक्रम के अंतर्गत आदिवासी स्वास्थ्य रक्षा अनुसंधान को ग्रामोन्मुखी बनाया गया है ताकि अनुसंधान कार्यक्रमों का लाभ जनसामान्य को मिल सके । इस कार्यक्रम के अंतर्गत अनुसंधान कार्मिकों का दल अध्ययन के लिए चुने/अपनाए गए गांवों आदिवासी पॉकेटों में घर-घर जाते हैं और क्षेत्र में व्याप्त रोगों की प्रकृति एवं प्रसार, विभिन्न ऋतुओं के आहार-विहार, सामाजिक, आर्थिक पहलुओं, प्राकृतिक संसाधनों, रहने के स्तर तथा ग्रामीण/आदिवासी क्षेत्रों में उपलब्ध चिकित्सा के प्रकार से संबंधित आंकड़े एकत्र करने के अतिरिक्त आकस्मिक चिकित्सा सहायता प्रदान करता है । प्रतिवेदन अवधि के दौरान इस

कार्यक्रम के अंतर्गत 15 गांवों की 22,226 आबादी का अध्ययन किया गया तथा 7,299 रोगियों को आकस्मिक चिकित्सा सहायता प्रदान की गई ।

औषध अनुसंधान कार्यक्रम

औषध अनुसंधान कार्यक्रम के अंतर्गत औषध वानस्पतिक सर्वेक्षण, औषध पादप कृषि, भेषजअभिज्ञानीय, पादप-रासायनिक, भेषजगुणविज्ञानीय/विषाक्तता अध्ययन के अतिरिक्त औषध मानकीकरण अनुसंधान कार्यक्रम भी सम्मिलित है । औषध वानस्पतिक सर्वेक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 14 सर्वेक्षण दौरे किए गए जिनमें 1658 पादप किस्में, 175 कच्ची औषधियों के अतिरिक्त 85 संग्रहालय नमूनों को एकत्र किया गया । इसके अतिरिक्त 165 औषध नमूनों, जिनका वजन 774.5 कि.ग्रा. था, को आपूर्ति के लिए एकत्र किया गया । सर्वेक्षण एककों द्वारा उद्भिदालय और संग्रहालय के रखरखाव का कार्य किया गया । लगभग 455 औषध पादप किस्मों के साथ 14817 गुग्गुलु के पादप वर्तमान में विभिन्न औषध पादप उद्यानों में उग रहे हैं । 204.27 कि.ग्रा सूखी एवं ताजी कच्चो औषधियों का विभिन्न उद्यानों से संग्रह किया गया और अनुसंधान के उद्देश्य के लिए विभिन्न संस्थानों को आपूर्ति की गई। प्रतिवेदन अवधि के दौरान आयुर्वेद एवं सिद्ध चिकित्सा में प्रयुक्त होने वाली औषधियों में से 19 औषधियों पर भेषजअभिज्ञानीय अध्ययन, 11 औषधियों पर रसायनिक अध्ययन तथा 29 औषधियों पर भेषजगुणविज्ञानीय अध्ययन तथा विषाक्तता अध्ययन किए गए ।

औषध मानकीकरण अनुसंधान कार्यक्रम के अंतर्गत 38 एकल पादप औषधियों पर भेषजअभिज्ञानीय, पादप-रसायनिक/टी.एल.सी. अध्ययन किए गए । आयुर्वेद एवं सिद्ध में प्रयुक्त होने वाले 84 औषध योगों के विश्लेषित मानक तैयार किए गए । इसके अतिरिक्त भारतीय चिकित्सा पद्धति की औषधियों के भेषज संहिता मानकों के विकास के लिए केंद्रीय योजना के अंतर्गत आबंटित आयुर्वेदिक फार्माकोपिया मानकों के फार्मेट के अनुसार 33 एकल मिश्रित योगों का मानकीकरण किया गया तथा प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत तीन योगों के मानकीकरण का कार्य भी किया गया । परियोजना के अंतर्गत भारतीय चिकित्सा पद्धति को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्तर तक शुरु करने के लिए 14 आयुर्वेदिक योग तैयार किए गए तथा गुणवत्ता आश्वस्त की गई ।

परिषद द्वारा कुमाऊँ की पहाड़ियों में महरुरी में एक कस्तूरी मृग प्रजनन फार्म का रखरखाव किया जाता है तथा वहां पर प्रतिवेदन अवधि के अंत तक 22 वयस्क मृग थे ।

वाङ्.मय अनुसंधान कार्यक्रम

वाङ्.मय अनुसंधान कार्यक्रम के अंतर्गत चिकित्सा इतिहास अध्ययन, शास्त्रीय ग्रंथों, कोषविज्ञान, समसामयिक साहित्य, आयुर्वेद एवं सिद्ध तथा आधुनिक चिकित्सा के प्रकाशनों,

औषध एवं रोगों से संबंधित संदर्भों के संकलन के कार्य को जारी रखा गया । परिषद् द्वारा 'आयुर्वेद एवं सिद्ध अनुसंधान पत्रिका,' 'चिकित्सा प्रजाति-वानस्पतिक अनुसंधान पत्रिका,' 'भारतीय आयुर्विज्ञान इतिहास संस्थान पत्रिका' के अतिरिक्त परिषद समाचार भी प्रकाशित किए जाते हैं । प्रतिवेदन अवधि के दौरान आयुर्वेद एवं सिद्ध अनुसंधान पत्रिका और चिकित्सा प्रजाति वानस्पतिक अनुसंधान पत्रिका के पिछले अंकों का भी प्रकाशन किया गया तथा 3 पुस्तकों/मोनोग्राफों का प्रकाशन किया गया ।

परिवार कल्याण अनुसंधान कार्यक्रम

इस कार्यक्रम के अंतर्गत गर्भनिरोधक औषधियों का निदान-चिकित्सात्मक तथा भेषजगुणविज्ञानीय अध्ययन किया जाता है । पिप्पल्यादि योग (मुखीय) और नीम तैल (स्थानीय) गर्भ निरोधकों का निदान चिकित्सात्मक मूल्यांकन हेतु 182 पुराने रोगियों के अतिरिक्त 93 नए रोगियों पर अध्ययन किया गया । 4 औषधियों पर भेषजगुणविज्ञानीय अध्ययन किया गया । प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत बालकास, बालातिसार, बाल दौर्बल्य तथा शिशुपरिचर्या पर कार्य किया गया तथा कुल 335 रोगियों पर अध्ययन किया गया ।

संगोष्ठी, सम्मेलन और कार्यशाला

प्रतिवेदन अवधि के दौरान परिषद ने अक्तूबर, 2002 में नई दिल्ली में विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रायोजित आयुर्वेद एवं सिद्ध में अनुसंधान कार्य-प्रणाली पर एक पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जब कि केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, कोलकाता ने भारतीय आयुर्वेदिक डाक्टर संघ के साथ संयुक्त रूप से 'गुद रोगों' पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी-सह-कार्यशाला जुलाई, 2002 में आयोजित की । परिषद के अधिकारियों ने अनेक राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों, सम्मेलनों, कार्यशालाओं तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया ।

(जी. एस. लव्हेकर)
निदेशक एवं
सदस्य-सचिव,
शासी निकाय,
के.आयु.सि.अनु.परि.

दिनांक 10.12.2003

II. प्रशासनिक प्रतिवेदन

केंद्रीय आयुर्वेद एवं सिद्ध अनुसंधान परिषद सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1860 के नियम XXI के अंतर्गत 30 मार्च, 1978 को पंजीकृत एक संस्था है । 31 मार्च, 2003 को समाप्त प्रतिवेदन अवधि में संस्था तथा शासी निकाय के सदस्य इस प्रकार हैं-

अध्यक्ष

(i). डा. सी. पी. ठाकुर
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री,
(जून, 2002 तक)

(ii). श्री शत्रुघन सिन्हा
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री,
(जुलाई, 2002 से जनवरी, 2003 तक)

(iii). श्रीमती सुषमा स्वराज
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री,
(29 जनवरी, 2003 से)

उपाध्यक्ष

वैद्य श्रीराम शर्मा

शासकीय सदस्य

1. सचिव (भा.चि.प.एवं हो.) — श्रीमती मालती एस. सिन्हा
2. संयुक्त सचिव (भा.चि.प.एवं हो. — श्री एल. प्रसाद
3. संयुक्त सचिव (वित्त सलाहकार) — श्री राकेश बिहारी

अशासकीय सदस्य

1. डा. आई. संजीव राव
2. डा.(श्रीमती) जी. वी. सत्यवती
3. डा.(सुश्री.) पी. वी. तिवारी
4. डा. डी. के. त्रिगुणा
5. डा. नरेन्द्र एस. भट्ट
6. डा. एस. के. मिश्रा
7. प्रो. एस. डी. सेठ
8. प्रो. के. वी. राघवन
9. डा. पी. पुष्पांगदन
10. डा. जे. आर. कृष्णामूर्ति

निदेशक, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर
निदेशक, राष्ट्रीय सिद्ध संस्थान, चैन्नई
सदस्य सचिव

11. डा. पी. जयप्रकाश नारायण
12.डा.(श्रीमती) गौरी देवी
-डा. बी. एल. गौड़
- रिक्त -
(i) डा. जी. वेलुचामी
(8 जनवरी, 2003 तक)
(ii) डा. जी. एस. लक्हेकर
(9 जनवरी, 2003 से)

प्रतिवेदन अवधि में शासी निकाय की कोई बैठक नहीं हुई ।

वित्त समिति

स्थायी वित्त समिति निम्नप्रकार से गठित है -

1.	श्री एल. प्रसाद संयुक्त सचिव (भा.च.प.एवं हो.)	अध्यक्ष
2.	श्री राकेश बिहारी संयुक्त सचिव (वि.स.)	सदस्य
3.	वैद्य डी. के. त्रिगुणा	सदस्य
4.	डा. (सुश्री) पी. वी. तिवारी	सदस्य
5.	परिषद निदेशक	सदस्य-सचिव

प्रतिवेदन अवधि के दौरान स्थायी वित्त समिति की 11 जून, 2002 और 22 जनवरी, 2003 को बैठकें हुईं तथा वित्तीय मामलों से संबंधित विषयों पर विचार किया गया और स्वीकृति दी गई ।

परिषद की सेवाओं में अनुसूचित जाति/जन-जाति का प्रतिनिधित्व एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति के लिए कल्याणकारी उपाय

परिषद की सेवाओं में अनुसूचित जाति/अनु.जन जाति के आरक्षण और प्रतिनिधित्व के संबंध में भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए आदेशों और दिशा-निर्देशों का

पालन किया जा रहा है । भर्ती/पदोन्नति रोस्टर बिंदु के अनुसार की जा रही है । परिषद में विभिन्न समूहों में 1.1.2003 के अनुसार कर्मचारियों की कुल संख्या इस प्रकार है:-

समूह	कर्मचारियों की संख्या	अनुसूचित जाति	कर्मचारियों का कुल प्रतिशत	अनुसूचित जन-जाति के कर्मचारी	कुल का प्रतिशत
क	218	26	11.93	9	4.12
ख	66	10	15.15	2	3.03
ग	580	79	13.62	22	3.79
घ	651	227	34.87	57	8.75
योग	**1515**	**342**	**22.58**	**90**	**5.94**

परिषद के अंतर्गत आदिवासी स्वास्थ्य रक्षा कार्यक्रम परियोजना (आयु.) है जो कि विशेषरूप से आदिवासी क्षेत्रों में स्थित है । इस कार्यक्रम में न केवल स्थानीय स्वास्थ्य समस्याओं और उनसे संबंधित विषयों पर अपितु इन समस्याओं को सुलझाने की विधियों/उपायों की पहचान और कार्यान्वयन पर अधिक ध्यान दिया जाता है । इसके अतिरिक्त कुछ अनुसंधान संस्थान/केंद्र/एकक भी ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं तथा इन संस्थानों/केंद्रों/एककों के बहिरंग रोगी विभाग/अंतरंग रोगी विभाग के माध्यम से और चल निदान चिकित्सात्मक अनुसंधान कार्यक्रम/सामुदायिक स्वास्थ्य रक्षा अनुसंधान कार्यक्रम के अंतर्गत आकस्मिक चिकित्सा प्रदान की जाती है एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन-जाति बहुल संख्या वाले क्षेत्रों में स्वास्थ्य लाभ की सुविधा प्रदान की जाती है । परिषद के बजट में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन-जाति संबंधी योजना के लिए विशेष बजट आबंटन है ।

वैज्ञानिक परामर्शदात्री समिति (आयुर्वेद)

प्रतिवेदन अवधि के अंतर्गत वैज्ञानिक परामर्शदात्री समिति (आयु.) निम्नप्रकार से गठित थी:-

1.	डा.(श्रीमती) जी. वी.सत्यवती (24 फरवरी, 2003 तक)	अध्यक्ष
	प्रो. जी. पी. दूबे (25 फरवरी, 2003 से)	अध्यक्ष
2.	वैद्य नरेन्द्र एस. भट्ट	सदस्य
3.	वैद्य डी. के. त्रिगुणा	सदस्य
4.	वैद्य बालेन्दु प्रकाश	सदस्य
5.	श्री प्रमोद कुमार शर्मा	सदस्य
6.	डा. एस. के. मिश्रा	सदस्य

7.	वैद्य नन्द किशोर	सदस्य
8.	डा. कुलवन्त सिंह	सदस्य
9.	डा.(श्रीमती) एम. गौरी देवी	सदस्य
10.	डा.एस.एन.पी.सिन्हा	सदस्य
11.	डा. एस. के. सिन्हा	सदस्य
12.	प्रो. के. वी. राघवन	सदस्य
13.	डा. राधा कृष्णन	सदस्य
14.	डा. एस. के. शर्मा, सलाहकार (आयु.),भा.चि.प.एवं हो.विभाग	पदेन सदस्य
15.	प्रो. अरुण बालकृष्णन (7 नवम्बर, 2002 से)	सदस्य
16.	(i) डा. जी. वेलुचामी	सदस्य-सचिव
	(ii) डा. जी. एस. लव्हेकर	सदस्य-सचिव

प्रतिवेदन अवधि में दिनांक 5-6 अगस्त, 2002 एवं 28 मार्च, 2003 को वैज्ञानिक परामर्शदात्री समिति (आयु.) की दो बैठकें हुईं । समिति ने कार्यक्रमों का मूल्यांकन कर, आवश्यक मार्गदर्शन का प्रावधान किया ।

वैज्ञानिक परामर्शदात्री समिति (सिद्ध)

प्रतिवेदन अवधि के दौरान वैज्ञानिक परामर्शदात्री समिति (सिद्ध) निम्नप्रकार से गठित थी:-

1.	डा. के. जयपाल	अध्यक्ष
2.	डा. जे. आर. कृष्णामूर्ति	सदस्य
3.	डा. वी. सुब्बालक्ष्मी	सदस्य
4.	डा. के. जयपाल (24 फरवरी, 2003 तक)	सदस्य
	डा. वी. अरुणाचलम (25 फरवरी, 2003 से)	सदस्य
5.	डा. जोसफ थास	सदस्य
6.	डा. नारायणाप्पा	सदस्य
7.	डा. एस. राधाकृष्ण	सदस्य
8.	निदेशक, केंद्रीय अनुसंधान संस्थान (सिद्ध), चेन्नई	सदस्य
9.	निदेशक, के.आयु.सि.अनु.परि.	सदस्य-सचिव

प्रतिवेदन अवधि में दिनांक 24 मार्च, 2003 को वैज्ञानिक परामर्शदात्री समिति (सिद्ध) की बैठक संपन्न हुई ।

केंद्रीय आयुर्वेद एवं सिद्ध अनुसंधान परिषद का संगठनात्मक स्वरूप

परिषद के अंतर्गत 10 केंद्रीय अनुसंधान संस्थान, 15 क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, एक क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, एक आदिवासी स्वास्थ्य रक्षा अनुसंधान परियोजना, एक तिब्बती चिकित्सा पर अनुसंधान परियोजना, केंद्रीय अनुसंधान संस्थान (सिद्ध), चेन्नई के सीधे नियंत्रण में मैट्टूर में सिद्ध चिकित्सा पद्धति पर एक औषध पादप उद्यान, भारतीय चिकित्सा इतिहास संस्थान, हैदराबाद, ए. लक्ष्मीपति आयुर्वेद अनुसंधान केंद्र और कैप्टन श्रीनिवासमूर्ति आयुर्वेद औषध अनुसंधान संस्थान, चेन्नई तथा आयुर्वेदिक अनुसंधान एकक, बंगलूर, निदान चिकित्सात्मक अनुसंधान एकक (आयु.), कोटाकल अहमदाबाद और जामनगर में कार्यरत है ।

बज़ट

निम्नलिखित तालिका में परिषद के बज़ट प्रावधान को दिखाया गया है:-

योजना व्यय	बज़ट अनुमान 2002-2003	2002-2003 मे जारी निधियां (रुपये लाखों में)	2002-2003 में वास्तविक व्यय
योजना	800.00	741.00	807.60
गैर-योजना	1988.00	2041.50	2216.26

परिषद के वर्ष 2002-2003 के 1 अप्रैल, 2002 से 31 मार्च, 2003 तक के लेखों की महानिदेशक लेखा परीक्षा, केंद्रीय राजस्व द्वारा परीक्षित किया गया ।

राजभाषा कार्यान्वयन समिति

परिषद के अंतर्गत राजभाषा कार्यान्वयन समिति परिषद निदेशक की अध्यक्षता में बनी हुई है जो राजभाषा अधिनियम/नीति/नियमों/आदेशों, कार्यक्रमों आदि के कार्यान्वयन की स्थिति तथा परिषद में हिंदी को बढ़ावा देने के लिए परामर्श देती है । प्रतिवेदन अवधि के दौरान समिति की दो बैठकें 13.8.02 तथा 9.12.2002 को हुईं ।

संगोष्ठी तथा सम्मेलन

1. गुद रोगों पर राष्ट्रीय संगोष्ठी-सह-कार्यशाला में केंद्रीय अनुसंधान संस्थान (आयुर्वेद), कोलकाता की सहभागिता ।

भारत के आयुर्वेदिक चिकित्सकों के संघ एवं केंद्रीय अनुसंधान संस्थान (आयु.), कोलकाता द्वारा संयुक्त रूप से गुद रोगों पर राष्ट्रीय संगोष्ठी-सह कार्यशाला का केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, कोलकाता के परिसर में 28 से 30 जुलाई, 2002 तक आयोजन किया गया तथा भारत के विभिन्न भागों से 250 प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिसमें विशेषज्ञ विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों के चिकित्सक शामिल थे । इसमें आयुर्वेदिक कॉलेज, कोलकाता,

नागपुर और मुम्बई के संकाय सदस्यों के साथ छात्र भी उपस्थित थे । संगोष्ठी का उद्घाटन पश्चिमी बंगाल सरकार के माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री, श्री प्रत्यूष मुखर्जी ने किया तथा शमयिता मठ, बंकुरा जनपद, पश्चिम बंगाल की माता ऋषि रिधा अनाहता ने सभा को संबोधित किया । श्री आदित्य अग्रवाल, निदेशक, हिमानी आयुर्वेद साईंस फाऊन्डेशन ने विशेष अतिथि के रूप में भाग लिया जबकि डा.के.वी.देवीदास, अध्यक्ष, संगोष्ठी आयोजन समिति ने वहां उपस्थित लोगों का स्वागत किया । डा. एम.एम. राव, आयोजन सचिव ने संगोष्ठी के विषय क्षेत्र और संभावनाओं के बारे में बताया ।

डा. के. के. चोपडा, पूर्व निदेशक, केंद्रीय अनुसंधान संस्थान (आयु.), मुम्बई, डा. वी.सन्धवी, क्षार सूत्र के विशेषज्ञ, मुम्बई, डा. मुकुल पटेल तथा डा. श्रीमती मेधा पटेल, सूरत, डा. टी. के. दास गुप्ता, सदस्य, लूथरन वर्ल्ड सर्विस, इंडियन और जे. आई.एम.ए. के उप-संपादक जैसे विद्वान लोगों ने सभा को संबोधित किया । केंद्रीय आयुर्वेद एवं सिद्ध अनुसंधान परिषद एवं अन्य सरकार द्वारा स्थापित संस्थानों के अंतर्गत कार्यरत अनुसंधान कार्मिकों ने गुद रोगों के विभिन्न पहलुओं पर 6 अतिथि व्याख्यान, 21 अनुसंधान पत्रक प्रस्तुत किए गए । इसके अतिरिक्त गुद रोगों के विभिन्न पहलुओं को जीवित प्रस्तुत किया गया तथा कुछ भाग का नवीकरण किए गए ऑपरेशन थियेटर में क्षार सूत्र पद्धति का प्रदर्शन किया गया तथा उसे ऑपरेशन थियेटर के बाहर रखे गए टेलिविज़न सैट के द्वारा भी दिखाया गया ।

2. केंद्रीय आयुर्वेद एवं सिद्ध अनुसंधान परिषद के मुख्यालय, नई दिल्ली में अनुसंधान कार्यप्रणाली पर प्रशिक्षण कार्यशाला ।

परिषद ने 21 से 25 अक्तूबर, 2002 तक परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली में विश्व-स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रायोजित 'आयुर्वेद एवं सिद्ध में अनुसंधान कार्यप्रणाली पर प्रशिक्षण कार्यशाला' का आयोजन किया । इस कार्यशाला के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम को डा.जी.वी.सत्यवती, पूर्व महानिदेशक, आई.सी.एम.आर. तथा अध्यक्ष, वैज्ञानिक परामर्शदात्री समिति (आयु.), डा.एस.राधाकृष्णन, पूर्व निदेशक, आई.आर.एम.एस.(आई.सी.एम.आर.) चेन्नई तथा सदस्य (वैज्ञानिक परामर्शदात्री समिति (आयु.)/वैज्ञानिक परामर्शदात्री समिति (सिद्ध) से विचार-विमर्श करने के बाद अंतिम रूप दिया गया । कार्यशाला का उद्घाटन डा.जी.वी.सत्यवती ने किया, प्रशिक्षण कार्यक्रमों में विशेष क्षेत्रों जैसे अच्छी निदान चिकित्सात्मक प्रक्रिया, निदानचिकित्सात्मक परीक्षणों की योजना से संबंधित मुद्दों, आचार संबंधी विचार, निदान-चिकित्सात्मक परीक्षणों की योजना में बायो-स्टेटिस्टिशियन की भूमिका, प्रयोगशालाओं का मानक तथा औषधियों के गुणवत्ता नियंत्रण पर प्रकाश डाला गया । इसके अतिरिक्त कम्प्यूटर एप्लीकेशन पर व्याख्यान दिया गया । डा. जी.वी.सत्यवती, पूर्व-महानिदेशक, आई.सी.एम.आर., डा.एस.डी.सेठ, पूर्व औषधि विभागाध्यक्ष, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली, डा. वसन्था मुथुस्वामी, वरिष्ठ उपमहानिदेशक, आई.सी.एम.आर., डा.राधाकृष्णन, पूर्व निदेशक, आई.आर.एम.एस.(आई.सी.एम.आर.), चेन्नई,

डा.एस.एस.हान्डा, पूर्व निदेशक, क्षेत्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला (सी.एस.आई.आर.), जम्मू, डा. पी. जयबल, उपनिदेशक, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एपिडेमिआलोजी, (आई.सी.एम.आर.), चेन्नई, डा.एन.एस.भट्ट, निदेशक, बायो-वेद फार्मा, पुणे, डा. जयप्रकाश नारायण, प्रधानाचार्य, गवर्नमेंट सिद्ध मेडिकल कॉलेज, चेन्नई, डा. आर. एम. पाण्डेय, सहायक प्रोफैसर (बायो-स्टेट.), अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली ने प्रशिक्षण में भाग लिया । केंद्रीय आयुर्वेद एवं सिद्ध अनुसंधान परिषद के विभिन्न संस्थानों से 42 वैज्ञानिकों तथा दीनदयाल उपाध्याय अनुसंधान संथान, चित्रकूट से दो वैज्ञानिकों ने कार्यशाला में भाग लिया ।

प्रतिभागियों को डाबर रिसर्च फाऊन्डेशन, गाजियाबाद की आर. एण्ड डी. लैब. में भी ले जाया गया । पूर्व में बनाई गई एक प्रश्नोत्तरी का प्रयोग करके प्रतिभागियों की प्रतिक्रिया का मूल्यांकन किया गया तथा मूल्यांकन में अच्छी प्रतिक्रिया पाई गई ।

3. काठमांडू, नेपाल में "कंजर्वेशन एण्ड मैनेजमेंट ऑफ हिमालयान मेडिसिनल प्लांट्स" पर क्षेत्रीय कार्यशाला, में परिषद की सहभागिता ।

डा. पदम गुरमेत, अनुसंधान अधिकारी, आमची औषधि अनुसंधान एकक, लेह-लद्दाख (जम्मू एवं कश्मीर) ने 'वाइज़ प्रैक्टिसिज एण्ड एक्सपैरिमेंटल लर्निंग इन द कंजर्वेशन एण्ड मैनेजमेंट ऑफ हिमालयान मेडिसिनल प्लांट्स' की क्षेत्रीय कार्यशाला में (आमंत्रण पर) भाग लिया । कार्यशाला 15-20 दिसंबर, 2002 तक काठमांडू नेपाल में आयोजित हुई । इसका आयोजन मुख्य अंतर्राष्ट्रीय परिरक्षण संगठन जैसे डब्ल्यू.डब्ल्यू.एफ., आई.डी.आर.सी. (एम.ए.पी.पी.ए.), केनेडा, पिपुल एण्ड प्लांट्स इनिशियेटिव, यूनेस्को एण्ड नेपाल सरकार द्वारा किया गया । कार्यशाला में आठ देशों के विशेषज्ञों ने भाग लिया जिसमें नेपाल, चीन, भारत, भूटान तथा पाकिस्तान आदि सम्मिलित थे ।

डा. गुरमेत ने 'स्टेट्स एण्ड कंजर्वेशन ऑफ ट्रांस-हिमालयान मेडिसिनल प्लांट्स' पर पत्रक प्रस्तुत किया, जिसमें विभिन्न ट्रांस हिमालयान सर्वेक्षण के दौरान किए गए अवलोकनों पर प्रकाश डाला तथा उनके परिरक्षण के लिए प्रयास किए । उन्होंने कार्यशाला की संस्तुतियों पर बहुत कार्य किया ।

4. राजभाषा की संसदीय उप-समिति का केंद्रीय आयुर्वेद एवं सिद्ध अनुसंधान परिषद मुख्यालय और क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, जम्मू में आगमन ।

राजभाषा की तीसरी संसदीय उप-समिति ने परिषद मुख्यालय की राजभाषा से संबंधित उन्नति एवं कार्यों का 19 सितम्बर, 2002 को निरीक्षण किया । श्री नवल किशोर राय ने बैठक की अध्यक्षता की और श्री अमल राय प्रधान, श्रीमती कान्ता सिंह, श्रीमती सरला महेश्वरी, प्रो. प्रमोद सिंह भण्डारी और डा. सी. नारायण पाद्दी ने बैठक में सक्रिय रूप से भाग लिया । समिति ने सुझाव दिया कि क्योंकि यह आयुर्वेद की परिषद है इसलिए इसमें

अधिकाधिक कार्य हिंदी में होना चाहिए । डा. जी. वेलुच्चामी, निदेशक ने आश्वासन दिया कि समिति द्वारा दिए गए सभी सुझावों पर परिषद विचार करेगी ।

उप-समिति ने क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, जम्मू का 3 फरवरी, 2003 को राजभाषा से संबंधित प्रगति एवं कार्य का भी निरीक्षण किया ।

5. परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली में केंद्रीय और क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थानों (आयुर्वेद एवं सिद्ध) के प्रभारियों की बैठक

केंद्रीय अनुसंधान संस्थानों और क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थानों (आयुर्वेद एवं सिद्ध) के प्रभारियों की नए कार्यक्रम परियोजना के लिए चल रहे अनुसंधान प्रस्तावों का पुनरावलोकन करने के लिए 20 एवं 27 फरवरी, 2003 को परिषद मुख्यालय में बैठक हुई ।

डा. के. डी. शर्मा, उप-निदेशक (तकनीकी) ने वरिष्ठ अधिकारियों का स्वागत किया और निदेशक महोदय से परिचय करवाया ।

सभी प्रभारियों ने अपने-अपने संस्थान की पिछले वर्षों की विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया तथा अपने संस्थान की वैज्ञानिक उपलब्धियों के बारे में भी बताया ।

6. 'कश्मीर-विज़न 2002 - एक अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी और व्यवसाय - शिखर सम्मेलन - में परिषद की सहभागिता

20-23 जून, 2002 को एस.के.आई.सी.सी., श्रीनगर, जम्मू एवं कश्मीर में आयोजित 'कश्मीर-विज़न 2002 - एक अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी और व्यवसाय - शिखर सम्मेलन - में भाग लेने के लिए परिषद के क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (आयु.), जम्मू से एक दल को प्रतिनियुक्त किया गया ।

श्री जार्ज फर्नान्डिस, रक्षा मंत्री, भारत सरकार ने व्यवसाय शिखर सम्मेलन और प्रदर्शनी का उद्घाटन किया ।

परिषद की गतिविधियों ओर उपलब्धियों से संबंधित सूचना सामग्री को आगन्तुकों में बाँटा गया तथा परिषद के चिकित्सकों द्वारा रोगियों को परामर्श दिया गया एवं निःशुल्क आयुर्वेदिक औषधियाँ दी गईं ।

प्रदर्शनियाँ/मेलेः

परिषद ने निम्नलिखित प्रदर्शनियों/मेलों में भाग लियाः

1. आरोग्य-2002, होटल शिवालिक, चण्डीगढ़

चण्डीगढ़ पर्यटन विभाग और सी.आई.टी.सी.ओ., इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म एण्ड फ्यूचर ट्रेन्ड्स (आई.टी.एफ.टी.) ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, भारत सरकार (भा.चि.प.एवं

हो.) के तत्वावधान में भारतीय चिकित्सा पद्धति के माध्यम से पर्यटन और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए आरोग्य विषयवस्तु पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया। इसके अतिरिक्त होटल शिवालिक वियू, सैक्टर-17, चंडीगढ़ में 31 मार्च से 2 अप्रैल, 2002 तक एक 'एक्सपो' भी आयोजित किया, जिसमें भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं होम्योपैथी विभाग के अंतर्गत आयुर्वेद, सिद्ध, यूनानी, होम्योपैथी, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा जैसी विभिन्न परिषदों ने भाग लिया तथा आम जनता की जानकारी के लिए प्रदर्शनी का आयोजन किया ।

2. परिवार कल्याण एवं स्वास्थ्य मेला

(क) धर्मशाला, जनपद कांगड़ा (हि.प्र.)

श्री किशन कपूर, परिवहन मंत्री, हिमाचल प्रदेश ने, कांगड़ा जनपद के लोगों में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ निःशुल्क चिकित्सा सेवा देने के लिए 31 मई, 2002 को धर्मशाला, जनपद कांगड़ा (हि.प्र.) में, 'परिवार कल्याण एवं स्वास्थ्य मेले' का उद्घाटन किया । केंद्रीय आयुर्वेद एवं सिद्ध अनुसंधान परिषद ने क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, मण्डी के माध्यम से इसमें भाग लिया तथा आगंतुकों को उनके स्वास्थ्य के विषय में शिक्षा देने संबंधी पोस्टरों और परिषद की अनुसंधान गतिविधियों पर प्रकाशनों का प्रदर्शन करने के अतिरिक्त रोगियों के निदान के लिए 31 मई से 2 जून, 2002 तक एक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया ।

(ख) चम्बा (हि.प्र.)

केंद्रीय आयुर्वेद एवं सिद्ध अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली ने क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (आयु.), मण्डी से एक दल को 6 से 8 जून, 2002 तक चम्बा में आयोजित स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मेले में भाग लेने के लिए प्रतिनियुक्त किया । श्री मोहन लाल, आयुर्वेद मंत्री, हिमाचल प्रदेश ने चम्बा में मेले का उद्घाटन किया । क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (आयु.), मण्डी ने रोगियों के निदान के लिए और निःशुल्क औषधियों की आपूर्ति के लिए चिकित्सा शिविर का आयोजन किया तथा आगंतुकों के लिए परिषद के प्रकाशनों, परिषद की अनुसंधान गतिविधियों से संबंधित पोस्टरों को प्रदर्शित किया ।

3. 'स्वास्थ्य मेला - आरोग्य-2002' द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के बारे में जागरूकता ।

भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं होम्योपैथी विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार तथा भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन, नई दिल्ली द्वारा संयुक्त रूप से 'आरोग्य-2002' मेले का 11 से 15 दिसंबर, 2002 तक, हॉल नं. 12, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजन किया गया । इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं होम्योपैथी के विभिन्न पहलुओं के बारे में सामान्य जनता में जारूकता पैदा करना तथा स्वास्थ्य

रक्षा में उसकी भूमिका के विषय में बताना है । प्रदर्शनी का उद्घाटन श्री आर. पी. रुड़ी माननीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री द्वारा किया गया ।

हजारों आगंतुकों के अतिरिक्त कई गणमान्यों जैसे श्री शत्रुघ्न सिन्हा, माननीय केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, भारत सरकार, श्री विनोद खन्ना, माननीय पर्यटन राज्य मंत्री, श्री आई.डी.स्वामी, माननीय गृह राज्य मंत्री भी प्रदर्शनी में आए तथा परिषद की गतिविधियों में गहरी रुचि दिखाई । डा.सी.पी.ठाकुर, संसद सदस्य ने समापन भाषण दिया ।

4. टीकमगढ़ (म.प्र.)

डा. हरिमोहनलाल मीणा, सहायक अनुसंधान अधिकारी (आयु.), केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, ग्वा.लियर के नेतृत्व में पांच सदस्यों के एक दल ने 21-28 दिसम्बर, 2002 तक राजेन्द्र अस्पताल, टीकमगढ़ (म.प्र.) में आयोजित स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मेले में भाग लिया ।

परिषद के स्टॉल में उद्भिदालय तथा औषधीय पादपों के नमूनों, औषधीय पादपों के रंगीन छाया चित्र और कच्ची औषधियों के नमूनों को प्रदर्शित किया गया । चिकित्सकों ने रोगियों का निरीक्षण किया तथा निःशुल्क औषधियों का वितरण किया ।

5. जोधपुर (राजस्थान)

भारतीय विपणन विकास केंद्र, जोधपुर में 22.12.2002 से 31.12.2002 तक स्वदेशी मेले का आयोजन किया गया । केंद्रीय अनुसंधान संस्थान (आयु.), जयपुर ने मेले में भाग लिया और रोगियों के निदान के लिए चिकित्सा शिविर का आयोजन किया तथा उन्हें निःशुल्क औषधियां वितरित कीं । स्वदेशी मेले का उद्घाटन श्री शाह नवाज हुसैन, माननीय नागर विमानन मंत्री, भारत सरकार द्वारा किया गया ।

श्री जसवन्त सिंह, सदस्य, राज्य सभा, श्री मुरलीधर रॉव, संयोजक, अखिल भारतीय स्वदेशी जागरण मंच, स्वामी सत्य मित्रानन्द, महामण्डलेश्वर आदि प्रमुख गणमान्यों ने परिषद के स्टॉल को देखा । श्री एल. के. अडवाणी, भारत के उप-प्रधानमंत्री ने मेले का समापन किया ।

6. सोनपुर, छपरा (बिहार)

सोनपुर, छपरा (बिहार) में 22.11.2002 से 2.12.2002 तक परिवार कल्याण एवं स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया । श्री रमई राम, माननीय मंत्री, बिहार सरकार ने मेले का उद्घाटन किया । क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (आयु.), पटना से डा. डी. एन. सिंह, प्रभारी अनुसंधान अधिकारी (आयु.) के नेतृत्व में सात सदस्यों के एक दल ने परिवार कल्याण एवं स्वास्थ्य मेले में भाग लिया ।

7. झांसी (उ.प्र.)

परिषद के अंतर्गत क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (आयु.), झांसी ने 14 से 19 नवम्बर, 2002 तक झांसी में आयुर्वेद फेस्टिवल में भाग लिया । संस्थान के कर्मचारियों ने मेले में एक स्टॉल लगाया और प्रमाणित कच्ची औषधियों के नमूनों, औषधीय पादपों के पैनल तथा स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के विषय में जानकारी देने वाले चार्टों को प्रदर्शित किया ।

राजभाषा हिंदी सप्ताह का आयोजन

परिषद ने राजभाषा अनुभाग द्वारा परिषद मुख्यालय में 14 से 21 सितम्बर, 2002 तक राजभाषा हिंदी सप्ताह का आयोजन किया । इस अवसर पर वाद-विवाद, निबंध-लेखन और प्रश्नोत्तरी (क्विज़) प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं जिसमें कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया ।

III. तकनीकी प्रतिवेदन

अ - आयुर्वेद

1. संस्थान/केंद्र/एकक के लिए प्रयुक्त संकेताक्षर

क्र.सं.	संस्थान/केंद्र/एकक का नाम	संकेताक्षर
1.	केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली	के.अनु.सं.दि.
2.	केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, भुवनेश्वर	के.अनु.सं.भु.
3.	केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, मुम्बई	के.अनु.सं.मु.
4.	केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, पटियाला	के.अनु.सं.प.
5.	केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, चेरुतुरुति	के.अनु.सं.चे.
6.	केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, कोलकाता	के.अनु.सं.को.
7.	केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, लखनऊ	के.अनु.सं.ल.
8.	केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, ग्वालियर	के.अनु.सं.ग्वा.
9.	केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, जयपुर	के.अनु.सं.ज.
10.	क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, पटना	क्षे.अनु.सं.प.
11.	क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, जूनागढ	क्षे.अनु.सं.जू.
12.	क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, त्रिवेन्द्रम	क्षे.अनु.सं.त्रि.
13.	क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, ईटानगर	क्षे.अनु.सं.ई.
14.	क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, गुवाहाटी	क्षे.अनु.सं.गु.
15.	क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, गंगटोक	क्षे.अनु.सं.गं.
16.	क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, मंडी	क्षे.अनु.सं.मं.
17.	क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, जम्मू	क्षे.अनु.सं.ज.
18.	क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, झांसी	क्षे.अनु.सं.झां.
19.	क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, नागपुर	क्षे.अनु.सं.ना.

20.	क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, विजयवाड़ा	क्षे.अनु.सं.वि.
21.	क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, बंगलूर	क्षे.अनु.सं.बं.
22.	क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, ताडीखेत	क्षे.अनु.सं.ता.
23.	क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, पुणे	क्षे.अनु.सं.पु.
24.	भारतीय आयुर्विज्ञान इतिहास संस्थान, हैदराबाद	भा.आयु.इ.सं.है.
25.	कैप्टन श्रीनिवासमूर्ति आयुर्वेद औषध अनुसंधान संस्थान,चेन्नई	कै.श्री.मू.आयु.औ.अनु.सं.चे.
26.	डा.ए.लक्ष्मीपति आयुर्वेद अनुसंधान केंद्र, वी.एच.एस.चेन्नई	डा.ए.ल.आयु.अनु.के.चे.
27.	क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान केंद्र, हस्तिनापुर	क्षे.अनु.के.ह.
28.	चल निदानचिकित्सात्मक अनुसंधान एकक, जामनगर	च.नि.अनु.ए.जा.
29.	आयुर्वेद अनुसंधान एकक, निम्हांस, बंगलूर	आयु.अनु.ए.बं.
30.	निदानचिकित्सात्मक अनुसंधान एकक(आयु.),कोट्टाकल	नि.चि.अनु.ए.को.
31.	निदानचिकित्सात्मक अनुसंधान एकक परि.क.अनु.प. अहमदाबाद	नि.चि.अनु.ए.अह.
32.	भेषजगुणविज्ञानीय अनुसंधान एकक,परि.क.अनु.प. ,जामनगर	भेवि.अनु.ए.परि.क.जा.
33.	आदिवासी स्वास्थ्य-रक्षा अनुसंधान परियोजना, कार निकोबार	आ.स्वा.अनु.परि.का.नि.
34.	औषध मानकीकरण अनुसंधान परियोजना, जामनगर	औ.मान.अनु.परि.जा.
35.	आमची अनुसंधान एकक, लेह	आ.अनु.ए.ले.
36.	आयुर्वेद चिकित्सा केंद्र, सफदरजंग, नई दिल्ली	आयु.चि.के.सफ.दि.

6.	Group-III The above course without Panchakarma using Panchakola Churna as Prakshepa and Patra Pinda Sweda	RRIN CRIP	14 2	1 -	5 1	7 -	1 1	- -
	Total		487	94	152	110	22	~~42~~ 109

BHAGANDARA (Fistula-in-ano)

Clinical trials on Bhagandara (Fistula-in-ano) were conducted at CRIs: Delhi, Mumbai and Kolkata. A total number of 62 cases have been studied adopting different therapeutic approaches. The following table summaries the details related to the line of approach and the number of cases studied together with the results.

RESULTS OF CLINICAL STUDIES OF AYURVEDIC PREPARATION ON: BHAGANDARA

S. No.	Therapy	Instt/ Centre/ Unit	Total cases	Results				
				Good resp.	Fair resp.	Poor resp.	No resp.	Drop out
1.	Kshara sutra karma	CRID CRIM	22 11	21 8	- 1	- -	- -	1 2
2.	Ksharavarti (Apamarga)	CRID CRIM CRIK	4 2 23	- - 23	2 - -	- 1 -	- - -	2 1 -
	Total		62	52	3	1	-	6

GRAHANI ROGA (Malabsorption syndrome)

Clinical trials on Grahani Roga (Malabsorptio syndrome) were conducted at CRI, Gwalior, RRIs: Patna & Gangtok. A total number of 51 cases have been studied adopting different therapeutic approaches. The following table summarizes the details related to the line of approach and the number of cases studied together with the results.

RESULTS OF CLINICAL STUDIES OF AYURVEDIC PREPARATION ON: GRAHANI ROGA

S. No.	Therapy	Instt/ Centre/ Unit	Total cases	Results				
				Good resp.	Fair resp.	Poor resp.	No resp.	Drop out
1.	Panchamrita Parpati Kalpa with milk	CRIG	11	-	2	4	2	3
2	Bilwa Majjachurna Takrarishta	CRIG RRIG	12 13	- 5	2 7	7 -	- -	3 1
3	Takrarishta	RRIP	15	5	3	5	-	2
	Total		51	10	14	16	2	9

summaries the details related to the line of approach and the number of cases studied together with the results.

RESULTS OF CLINICAL STUDIES OF AYURVEDIC PREPARATION ON: AMAVATA

S. No.	Therapy	Instt./ Centre/ Unit	Total cases	Results				
				Good resp.	Fair resp.	Poor resp.	No resp.	Drop out
1.	Pippali Vardhamana Ksheera Paka Samira Pannagarasa	CRIM	19	12	7	-	-	-
		CRIP	9	1	3	2	-	3
		CRIL	12	2	5	4	1	-
		RRIM	13	-	7	5	-	1
		RRIT	11	1	1	2	-	7
		RRIV	12	2	6	3	-	1
2	Combination of Shunthi Guggulu and Godanti	CRIG	54	2	12	17	-	23
		CRIM	22	5	12	5	-	-
		CRIP	6	1	3	2	-	-
		CRIJ	27	8	7	5	1	6
		CRID	10	-	6	-	-	4
		RRIM	19	-	6	10	1	2
		RRIT	3	-	1	1		1
		RRIV	13	1	7	3	1	1
		RRIJh	18	5	7	4	2	-
		RRIJ	13	8	4	1	-	-
		RRIJu	3	2	1	-	-	13
		RRII	18	2	1	1	1	- 12
3.	Suranjana and Shallaki	CRIJ	28	7	5	3	1	12
		CRIP	20	-	2	11	-	7
		RRIN	15	-	1	4	2	8
4.	Panchakarma therapy Group-I Deepana-Pacana (Balaguducyadi kwatha Snehapana with Indukanta ghrita Svedana Vamana	CRI Ch	9	2	1	-	-	6
		CRIK	26	1	15	5	2	3
5.	Group-II Snehapana with Indukanta ghrita Swedana Vamana Samsarjana	CRI Ch	20	6	5	2	4	3
		CRIK	20	3	8	5	3	1
		CRIP	21	4	5	5	-	7
		CRIBh	30	18	7	1	1	3

2. निदान चिकित्सात्मक अनुसंधान कार्यक्रम

किसी भी जैव-चिकित्सा अनुसंधान का मुख्य उद्देश्य चिकित्सीय उपयोग है । अतः विभिन्न प्रकार के चिकित्सा अनुसंधान में इसे विशिष्ट माना जाता है । आयुर्वेद के पक्ष में इसका महत्व और भी बढ़ जाता है क्योंकि यह मुख्य रूप से निदान चिकित्सात्मक अवलोकनों पर आधारित है ।

प्रतिवेदन अवधि में तमक श्वास, परिणामशूल, ग्रहणी रोग, कामला, अर्श भगन्दर, मुत्राश्मरी, मधुमेह, व्यानबलवैषम्य, मेदोरोग, मनोद्वेग, मानस मंदता, अपस्मार, पक्षाघात, पंगु, गृध्रसी, आमवात, तिमिर रोग, किटिभ, विषमज्वर तथा श्लीपद आदि रोगों पर निदान चिकित्सात्मक अध्ययन किए गए । परिषद के अंतर्गत कार्यरत चिकित्सालयों के बहिरंग रोगी विभाग में 4,53,647 रोगियों को और अंतरंग रोगी विभाग में 2,201 रोगियों को चिकित्सा सहायता प्रदान की गई । विधि, भाग लेने वाले संस्थानों/केंद्रों/एककों, अध्ययन किए गए रोगियों की कुल संख्या तथा परिणामों का विवरण अगले पृष्ठों पर दिया गया है ।

(अ) निदानचिकित्सात्मक परीक्षण

अपस्मार

अपस्मार पर निदानचिकित्सात्मक परीक्षण केंद्रीय अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली और आयुर्वेदिक अनुसंधान एकक, बंगलूर में किए गए । कुल 12 रोगियों पर अध्ययन किया गया । इससे संबंधित संक्षिप्त विवरण, अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या और उनके परिणामों को निम्नलिखित तालिका द्वारा दर्शाया गया है:-

अपस्मार पर आयुर्वेदीय योगों का निदानचिकित्सात्मक अध्ययन एवं परिणामः

क्र. सं.	परीक्षण औषधि	संस्थान/केंद्र/एकक	कुल रोगी	परिणाम				
				उत्तम लाभ	मध्यम लाभ	अल्प लाभ	शून्य लाभ	मध्यगत
1.	वचादि योग, घन सत्व वचा, ब्राह्मी	के.अनु.सं.दि. आयु.अनु.ए.बं.	11 1	1	2 1		2	6
	योग		**12**	**1**	**3**		**2**	**6**

अर्श

अर्श पर निदानचिकित्सात्मक परीक्षण केंद्रीय अनुसंधान संस्थान, ग्वा.लियर, कोलकाता, दिल्ली, मुम्बई, भुवनेश्वर, लखनऊ, क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, पटना, जम्मू, मंडी, बंगलूर और क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, हस्तिनापुर, में किए गए । कुल 695 रोगियों पर विभिन्न प्रकार के निदानचिकित्सात्मक अध्ययन किए गए । इससे संबंधित संक्षिप्त विवरण, अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या और उनके परिणामों को निम्नलिखित तालिका द्वारा दर्शाया गया है:

अर्श पर आयुर्वेदीय योगों का निदानचिकित्सात्मक अध्ययन एवं परिणामः

क्र. सं.	परीक्षण औषधि	संस्थान/केंद्र/ एकक	कुल रोगी	परिणाम				
				उत्तम लाभ	मध्यम लाभ	अल्प लाभ	शून्य लाभ	मध्यगत
1.	कंकायन वटी, त्रिफला चूर्ण एवं सोते समय काशिसादि तैल स्थानीय प्रयोग के लिए	के.अनु.सं.भु.	39	2	2			35
		के.अनु.सं.ल.	46	16	14			16
		के.अनु.सं.ग्वा.	27		3	10		14
		के.अनु.सं.को.	49	14	21	3	1	10
		के.अनु.सं.दि.	38	15	15	4	2	2
		के.अनु.सं.मु.	63	10	13	4		36
		क्षे.अनु.के.ह.	41	11	4	21	5	
		क्षे.अनु.सं.प.	12	3	4	1		4
		क्षे.अनु.सं.ज.	10	8				2
		क्षे.अनु.सं.मं.	25		19	5		1
		क्षे.अनु.सं.बं.	18	5	7			6
2.	ककायन वटी + क्रव्यादि रस, अभयारिष्ट और जात्यादि तैल का स्थानीय प्रयोग ।	के.अनु.सं.ग्वा.	35		11	12	1	11
		के.अनु.सं.को.	105	34	43	10		18
		के.अनु.सं.दि.	29	5	15	5	3	1
		के.अनु.सं.मु.	64	7	14	5		38
		क्षे.अनु.के.ह.	17	6	4	6	1	
		क्षे.अनु.सं.प.	12	3	7			2
		क्षे.अनु.सं.ज.	25	15	8			2
		क्षे.अनु.सं.मं.	22	1	13	7		1
		क्षे.अनु.सं.बं.	18	2	6			10
	योग		**695**	**157**	**223**	**93**	**13**	**209**

आमवात

आमवात पर निदानचिकित्सात्मक परीक्षण केंद्रीय अनुसंधान संस्थान, मुम्बई, जयपुर, चेरुतुरुति, कोलकाता, पटियाला, लखनऊ, दिल्ली, भुवनेश्वर, क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, मंडी, त्रिवेंद्रम, विजयवाड़ा, नागपुर, झांसी, जूनागढ़, जम्मू और ईटानगर में किए गए । विभिन्न चिकित्सा विधियों का प्रयोग करते हुए कुल 487 रोगियों पर विभिन्न प्रकार से निदानचिकित्सात्मक अध्ययन किए गए । इससे संबंधित संक्षिप्त विवरण, अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या और उनके परिणामों को निम्नलिखित तालिका द्वारा दर्शाया गया है:-

आमवात पर आयुर्वेदीय योगों का निदानचिकित्सात्मक अध्ययन एवं परिणामः

क्र. सं.	परीक्षण औषधि	संस्थान/केंद्र/ एकक	कुल रोगी	परिणाम				
				उत्तम लाभ	मध्यम लाभ	अल्प लाभ	शून्य लाभ	मध्यगत
1.	वर्धमान पिप्पली क्षीरपाक समीर पन्नगरस	के.अनु.सं.मु.	19	12	7			
		के.अनु.सं.प.	9	1	3	2		3
		के.अनु.सं ल.	12	2	5	4	1	
		क्षे.अनु.सं.मं.	13		7	5		1
		क्षे.अनु.सं.त्रि.	11	1	1	2		7
		क्षे.अनु.सं.वि.	12	2	6	3		1
2.	शुंठी गुग्गुलु एवं गोदन्ती का मिश्रण	के.अनु.सं.ग्वा.	54	2	12	17		23
		के.अनु.सं.मु.	22	5	12	5		
		के.अनु.सं.प.	6	1	3	2		
		के.अनु.सं.ज.	27	8	7	5	1	6
		के.अनु.सं.दि.	10		6			4
		क्षे.अनु.सं.,मं.	19		6	10	1	2
		क्षे.अनु.सं.,त्रि.	3		1	1		1
		क्षे.अनु.सं.,वि.	13	1	7	3	1	1
		क्षे.अनु.सं.,झां.	18	5	7	4	2	
		क्षे.अनु.सं.,ज.	13	8	4	1		
		क्षे.अनु.सं.,जू.	3	2	1			13
		क्षे.अनु.सं.,ई.	18	2	1	1	1	
3.	सुरान्जन एवं शल्लकी	के.अनु.सं.,ज.	28	7	5	3	1	12
		के.अनु.सं.,प.	20		2	11		7
		क्षे.अनु.सं.,ना.	15		1	4	2	8

4.	पंचकर्म चिकित्सा **समूह-I** दीपन-पाचन (बलागुडुच्यादि क्वाथ स्नेहपान -इंदुकांत घृत स्वेदन, वमन	के.अनु.सं.चे. के.अनु.सं.को.	9 26	2 1	1 15	5	2	6 3
5.	**समूह-II** स्नेहपान - इंदुकांत घृत स्वेदन, वमन संसर्जन	के.अनु.सं.चे. के.अनु.सं.को. के.अनु.सं.प. के.अनु.सं.भु.	20 20 21 30	6 3 4 18	5 8 5 7	2 5 5 1	4 3 1	3 1 7 3
6.	**समूह-III** उपरोक्त(बिना पंचकर्म) पंचकोल चूर्ण	क्षे.अनु.सं.ना. के.अनु.सं.प.	14 2	1	5 1	7	1 1	
	योग		**487**	**94**	**152**	**110**	**22**	**112**

भगन्दर

भगन्दर पर निदानचिकित्सात्मक परीक्षण केंद्रीय अनुसंधान संस्थान, दिल्ली, मुम्बई और कोलकाता में किए गए । कुल 62 रोगियों पर विभिन्न चिकित्सा विधियों का प्रयोग करते हुए अध्ययन किया गया । इससे संबंधित संक्षिप्त विवरण, अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या और उनके परिणामों को निम्नलिखित तालिका द्वारा दर्शाया गया है:-

भगन्दर पर आयुर्वेदीय योगों का निदानचिकित्सात्मक अध्ययन एवं परिणामः

क्र. सं.	परीक्षण औषधि	संस्थान/केंद्र/एकक	कुल रोगी	परिणाम				
				उत्तम लाभ	मध्यम लाभ	अल्प लाभ	शून्य लाभ	मध्यगत
1.	क्षार सूत्र कर्म	के.अनु.सं.दि. के.अनु.सं.मु.	22 11	21 8	 1			1 2
2.	क्षारवर्ती (अपामार्ग)	के.अनु.सं.दि. के.अनु.सं.मु. के.अनु.सं.को.	4 2 23	 23	2 	 1 		2 1
	योग		**62**	**52**	**3**	**1**		**6**

ग्रहणी रोग

ग्रहणी रोग पर निदानचिकित्सात्मक परीक्षण केंद्रीय अनुसंधान संस्थान, ग्वा.लियर, क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, पटना और गंगटोक में किए गए । विभिन्न चिकित्सा विधियों का प्रयोग करते हुए कुल 51 रोगियों पर अध्ययन किया गया । इससे संबंधित संक्षिप्त विवरण, अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या और उनके परिणामों को निम्नलिखित तालिका द्वारा दर्शाया गया है:-

ग्रहणी रोग पर आयुर्वेदीय योगों का निदानचिकित्सात्मक अध्ययन एवं परिणामः

क्र. सं.	परीक्षण औषधि	संस्थान/केंद्र/ एकक	कुल रोगी	परिणाम				
				उत्तम लाभ	मध्यम लाभ	अल्प लाभ	शून्य लाभ	मध्यगत
1.	पंचामृत पर्पटी कल्प दूध के साथ	के.अनु.सं.ग्वा.	11		2	4	2	3
2.	बिल्वमज्जा चूर्ण तक्र रिष्ट	के.अनु.सं.ग्वा.	12		2	7		3
		क्षे.अनु.सं.गं.	13	5	7			1
3.	तक्ररिष्ट	क्षे.अनु.सं.प.	15	5	3	5		2
	योग		**51**	**10**	**14**	**16**	**2**	**9**

गृध्रसी

गृध्रसी पर निदानचिकित्सात्मक परीक्षण केंद्रीय अनुसंधान संस्थान, चेरुतुरुति, दिल्ली, क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, झांसी, पटना और ईटानगर में किए गए । विभिन्न चिकित्सा विधियों का प्रयोग करते हुए कुल 76 रोगियों पर अध्ययन किया गया । इससे संबंधित संक्षिप्त विवरण, अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या और उनके परिणामों को निम्नलिखित तालिका द्वारा दर्शाया गया है:-

गृध्रसी पर आयुर्वेदीय योगों का निदानचिकित्सात्मक अध्ययन एवं परिणामः

क्र. सं.	परीक्षण औषधि	संस्थान/केंद्र/ एकक	कुल रोगी	परिणाम				
				उत्तम लाभ	मध्यम लाभ	अल्प लाभ	शून्य लाभ	मध्यगत
1.	हिंगु त्रिगुण तैल	के.अनु.सं.चे.	20	6	9	2	1	2
		के.अनु.सं.दि.	8		1			7
		क्षे.अनु.सं.ई.	6	1	3		1	1
		क्षे.अनु.सं.प.	11		3	6		2
		क्षे.अनु.सं.झा.	7	2	3	2		

2.	पंचकर्म चिकित्साः स्नेहपान (दशमूल बला तैलच स्वेदन (वाष्प), विरेचन (एरण्ड तैल) संसर्जन एवं वस्ति (वैथरण)	के.अनु.सं.चे.	19	4	9	3	1	2
3.	हिंगु त्रिगुण तैल, निर्गुण्डी पत्र पिंडस्वेद	क्षे.अनु.सं.ई.	5	1	2	1		1
	योग		**76**	**14**	**30**	**14**	**3**	**15**

किटिभ

किटिभ पर निदानचिकित्सात्मक परीक्षण केंद्रीय अनुसंधान संस्थान,पटियाला, भुवनेश्वर, चेरुतुरुति, क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, जूनागढ़, त्रिवेन्द्रम, जम्मू तथा क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, हस्तिनापुर में किए गए । विभिन्न चिकित्सा विधियों का प्रयोग करते हुए कुल 129 रोगियों पर अध्ययन किया गया । इससे संबंधित संक्षिप्त विवरण, अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या और उनके परिणामों को निम्नलिखित तालिका द्वारा दर्शाया गया है:-

किटिभ पर आयुर्वेदीय योगों का निदानचिकित्सात्मक अध्ययन एवं परिणामः

क्र. सं.	परीक्षण औषधि	संस्थान/केंद्र/ एकक	कुल रोगी	परिणाम				
				उत्तम लाभ	मध्यम लाभ	अल्प लाभ	शून्य लाभ	मध्यगत
1.	आरोग्यवर्धिनी, कैशोर गुग्गुलु एवं चक्रमर्द तैल स्थानीय प्रयोग	के.अनु.सं.प.	18	6	8	2		2
		के.अनु.सं.भु.	11	3	6	2		
		क्षे.अनु.सं.ज.	6	3	1			2
		के.अनु.सं.चे.	3		2	1		
		क्षे.अनु.सं.जू.	3		1	1		1
		क्षे.अनु.के.ह.	29	4	5	8	4	8
2.	पंचनिम्ब लौह चूर्ण, कामदुधा रस, हरिद्राखण्ड	के.अनु.सं.प.	11	2	1	2		6
		के.अनु.सं.भु.	13	1	8	2		2
		क्षे.अनु.सं.ज.	8	2	4			2
3.	स्नेहपान (महातिक्त घृत), स्वेदन (मृदु), वमन (अल्प) सम्सर्जन, भल्लातक रसायन प्रयोग	के.अनु.सं.चे.	12	2	4	1		5

4.	पंचनिम्ब लौह चूर्ण, कामदुधा रस और हरिद्रा खंड	क्षे.अनु.सं.त्रि.	15	-	4	2	1	8
	योग		**129**	**23**	**44**	**21**	**6**	**35**

तिमिर रोग

तिमिर रोग पर निदानचिकित्सात्मक परीक्षण केंद्रीय अनुसंधान संस्थान, दिल्ली में किया गया । विभिन्न चिकित्सा विधियों का प्रयोग करते हुए कुल 50 रोगियों पर अध्ययन किया गया । इससे संबंधित संक्षिप्त विवरण, अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या और उनके परिणामों को निम्नलिखित तालिका द्वारा दर्शाया गया है:-

तिमिर रोग पर आयुर्वेदीय योगों का निदानचिकित्सात्मक अध्ययन एवं परिणामः

क्र. सं.	परीक्षण औषधि	संस्थान/केंद्र/ एकक	कुल रोगी	परिणाम				
				उत्तम लाभ	मध्यम लाभ	अल्प लाभ	शून्य लाभ	मध्यगत
1.	नेत्र बिंदु एवं सप्तामृत लौह नेत्र व्यायाम के साथ	के.अनु.सं.दि.	50	10	14	21	5	
	योग		**50**	**10**	**14**	**21**	**5**	

मानसमंदता

मानसमंदता पर निदानचिकित्सात्मक परीक्षण आयुर्वेदिक अनुसंधान एकक, बंगलूर में किया गया । विभिन्न चिकित्सा विधियों का प्रयोग करते हुए कुल 16 रोगियों पर अध्ययन किया गया । इससे संबंधित संक्षिप्त विवरण तथा अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या और उनके परिणामों को भी निम्नलिखित तालिका द्वारा दर्शाया गया है:

मानस मंदता पर आयुर्वेदीय योगों का निदानचिकित्सात्मक अध्ययन एवं परिणामः

क्र. सं.	परीक्षण औषधि	संस्थान/केंद्र/ एकक	कुल रोगी	परिणाम				
				उत्तम लाभ	मध्यम लाभ	अल्प लाभ	शून्य लाभ	मध्यगत
1.	वचा, ब्राह्मी, घन सत्व	आयु.अनु.ए.बं.	16		4	1		11
	योग		**16**		**4**	**1**		**11**

मधुमेह

मधुमेह पर निदानचिकित्सात्मक परीक्षण केंद्रीय अनुसंधान संस्थान, दिल्ली, भुवनेश्वर, क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, ईटानगर में किए गए । विभिन्न चिकित्सा विधियों का प्रयोग करते हुए कुल 134 रोगियों पर अध्ययन किया गया । इससे संबंधित संक्षिप्त विवरण, अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या और उनके परिणामों को निम्नलिखित तालिका द्वारा दर्शाया गया है:-

मधुमेह पर आयुर्वेदीय योगों का निदानचिकित्सात्मक अध्ययन एवं परिणामः

क्र. सं.	परीक्षण औषधि	संस्थान/केंद्र/ एकक	कुल रोगी	परिणाम				
				उत्तम लाभ	मध्यम लाभ	अल्प लाभ	शून्य लाभ	मध्यगत
1.	तुलसी पत्र, बिल्व पत्र, निम्ब एवं कालीमिर्च	के.अनु.सं.दि. क्षे.अनु.सं.ई.	25 17	1 2	2 1	 1	6 3	16 10
2.	करेला, एवं जामुन बीज (घनसत्व)	के.अनु.सं.दि. के.अनु.सं.भु. क्षे.अनु.सं.ई.	25 54 10	2 2 1	12 5	5 12 1	6	 35 8
3.	आयुष-82	के.अनु.सं.दि.	3	1			1	1
	योग		**134**	**9**	**20**	**19**	**16**	**70**

मनोद्वेग

मनोद्वेग पर निदानचिकित्सात्मक परीक्षण केंद्रीय अनुसंधान संस्थान, लखनऊ, पटियाला, क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, बंगलूर, और आयुर्वेदिक अनुसंधान एकक, बंगलूर में किए गए । विभिन्न चिकित्सा विधियों का प्रयोग करते हुए कुल 71 रोगियों पर अध्ययन किया गया । इससे संबंधित संक्षिप्त विवरण, अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या और उनके परिणामों को निम्नलिखित तालिका द्वारा दर्शाया गया है:-

मनोद्वेग पर आयुर्वेदीय योगों का निदानचिकित्सात्मक अध्ययन एवं परिणामः

क्र. सं.	परीक्षण औषधि	संस्थान/केंद्र/ एकक	कुल रोगी	परिणाम				
				उत्तम लाभ	मध्यम लाभ	अल्प लाभ	शून्य लाभ	मध्यगत
1.	मेध्य रसायन (वचा, ब्राह्मी घन सत्व बराबर मात्रा में)	के.अनु.सं.ल. के.अनु.सं.प. क्षे.अनु.सं.बं. आयु.अनु.ए.बं	8 33 25 5	2 6 17	1 17 7 2	 6	 4 1	5 3
	योग		**71**	**25**	**27**	**6**	**5**	**8**

मूत्राश्मरी

मूत्राश्मरी पर निदानचिकित्सात्मक परीक्षण केंद्रीय अनुसंधान संस्थान, दिल्ली, क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान,त्रिवेन्द्रम, जम्मू, ईटानगर में किए गए । विभिन्न चिकित्सा विधियों का प्रयोग करते हुए कुल 86 रोगियों पर अध्ययन किया गया । इससे संबंधित संक्षिप्त विवरण, अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या और उनके परिणामों को निम्नलिखित तालिका द्वारा दर्शाया गया है:-

मूत्राश्मरी पर आयुर्वेदीय योगों का निदानचिकित्सात्मक अध्ययन एवं परिणामः

क्र. सं.	परीक्षण औषधि	संस्थान/केंद्र/ एकक	कुल रोगी	परिणाम				
				उत्तम लाभ	मध्यम लाभ	अल्प लाभ	शून्य लाभ	मध्यगत
1.	पाषाण भेद, गोक्षुरु क्वाथ घन सत्व	के.अनु.सं.दि.	20	3	8	6	2	1
		क्षे.अनु.सं.त्रि.	12	2	1	2		7
		क्षे.अनु.सं.ज.	14	7	2	1		4
		क्षे.अनु.सं.ई.	4	2	1	1	-	-
2.	पलाशक्षार	के.अनु.सं.दि.	22	3	7	5	5	2
		क्षे.अनु.सं.त्रि.	3				2	1
		क्षे.अनु.सं.ज.	4	3				1
		क्षे.अनु.सं.ई.	7	4				1
	योग		86	24	21	15	9	17

मेदोरोग

मेदोरोग पर निदानचिकित्सात्मक परीक्षण केंद्रीय अनुसंधान संस्थान,लखनऊ, पटियाला, कोलकाता, दिल्ली, मुम्बई, क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, जम्मू तथा ए. लक्ष्मीपति आयुर्वेद अनुसंधान केंद्र, चेन्नई में किए गए । विभिन्न चिकित्सा विधियों का प्रयोग करते हुए कुल 194 रोगियों पर अध्ययन किया गया । इससे संबंधित संक्षिप्त विवरण, अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या और उनके परिणामों को निम्नलिखित तालिका द्वारा दर्शाया गया है:-

मेदोरोग पर आयुर्वेदीय योगों का निदानचिकित्सात्मक अध्ययन एवं परिणामः

क्र. सं.	परीक्षण औषधि	संस्थान/केंद्र/ एकक	कुल रोगी	परिणाम				
				उत्तम लाभ	मध्यम लाभ	अल्प लाभ	शून्य लाभ	मध्यगत
1.	वचा एवं कटुकी (बराबर मात्रा में)	के.अनु.सं.ल.	30	8	6	6		10
		के.अनु.सं.प.	75	5	16	9		45

		के.अनु.सं.को.	25	4		9	2	10
		के.अनु.सं.दि.	27	5	9	8	2	3
		के.अनु.सं.मु.	10	1	4	1	1	3
		ए.ल.आयु.अनु						
		के.चे.	13	4	5			4
		क्षे.अनु.सं.ज.	14	8	3			3
	योग		**194**	**35**	**43**	**33**	**5**	**78**

पक्षाघात

पक्षाघात पर निदानचिकित्सात्मक परीक्षण केंद्रीय अनुसंधान संस्थान, पटियाला, चेरुतुरुति, दिल्ली, भुवनेश्वर, क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान,नागपुर और आयुर्वेदिक अनुसंधान एकक, बंगलूर में किए गए । विभिन्न चिकित्सा विधियों का प्रयोग करते हुए कुल 127 रोगियों पर अध्ययन किया गया । इससे संबंधित संक्षिप्त विवरण, अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या और उनके परिणामों को निम्नलिखित तालिका द्वारा दर्शाया गया है:

पक्षाघात पर आयुर्वेदीय योगों का निदानचिकित्सात्मक अध्ययन एवं परिणामः

क्र. सं.	परीक्षण औषधि	संस्थान/केंद्र/ एकक	कुल रोगी	परिणाम				
				उत्तम लाभ	मध्यम लाभ	अल्प लाभ	शून्य लाभ	मध्यगत
1.	स्नेहपान (क्षीरबला तैल), स्वेदन(वाष्प), विरेचन (एरण्ड तैल), संसर्जन वस्तिकर्म (योग वस्ति), दशमूल क्वाथ, निरुह एवं क्षीरबला तैल अनुवासन हेतु एवं नस्य (क्षीरबला तैल)	के.अनु.सं.चे. के.अनु.सं.दि. क्षे.अनु.सं.ना.	29 11 11	4 2 1	11 3 4	7 2 4	2 2	5 2 2
2.	घनधान्यादि क्वाथ क्षीरबला तैल के साथ, अभ्यंग (क्षीरबलातैल), पटोल पत्र स्वेदन क्षीरबला तैल के साथ, विरेचन(एरण्डतैल)	के.अनु.सं.चे. के.अनु.सं.भु. क्षे.अनु.सं.ना. आयु.अनु.के.बं.	30 7 16 7	2 1 1	7 3 5 4	13 2 6	2	6 1 4 3

3.	महा वातविध्वंसन रस, धान्यआमल सेक, विरेचन, नस्य (क्षीरबला तैल), सिरोवस्ति (क्षीरबला तैल)	के.अनु.सं.प. क्षे.अनु.सं.ना.	1 15		1 4	5	1	5
	योग		**127**	**11**	**42**	**39**	**7**	**28**

पंगु

पंगु पर निदानचिकित्सात्मक परीक्षण केंद्रीय अनुसंधान संस्थान, चेरुतुरुति, क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, नागपुर और आयुर्वेदिक अनुसंधान एकक, बंगलूर में किए गए । विभिन्न चिकित्सा विधियों का प्रयोग करते हुए कुल 41 रोगियों पर अध्ययन किया गया। इससे संबंधित संक्षिप्त विवरण, अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या और उनके परिणामों को निम्नलिखित तालिका द्वारा दर्शाया गया है:

पंगु पर आयुर्वेदीय योगों का निदानचिकित्सात्मक अध्ययन एवं परिणामः

क्र. सं.	परीक्षण औषधि	संस्थान/केंद्र/ एकक	कुल रोगी	परिणाम				
				उत्तम लाभ	मध्यम लाभ	अल्प लाभ	शून्य लाभ	मध्यगत
1.	स्नेहपान (दशमूल बला तैल), स्वेदन (वाष्प), विरेचन (एरंड तैल), संसजन एवं योग वस्ति (निरुह दशमूल क्वाथ और अनुवासन दशमूल बला तैल)	के.अनु.सं.चे. क्षे.अनु.सं.ना.	14 5	2	 2	4 1	2 1	6 1
2.	दशमूल बला क्वाथ, चन्द्रप्रभावटी के साथ, अभ्यंग (दशमूल बला तैल), मात्रा वस्ति (दशमूल बला तैल) और व्यायाम।	के.अनु.सं.चे. क्षे.अनु.सं.ना.	17 5	2 1	4 1	5 1	4 1	2 1
	योग		**41**	**5**	**7**	**11**	**8**	**10**

परिणामशूल

परिणामशूल पर निदानचिकित्सात्मक परीक्षण केंद्रीय अनुसंधान संस्थान, भुवनेश्वर, क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, विजयवाड़ा और जम्मू में किए गए । विभिन्न चिकित्सा विधियों का प्रयोग करते हुए कुल 21 रोगियों पर अध्ययन किया गया । इससे संबंधित संक्षिप्त विवरण, अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या और उनके परिणामों को निम्नलिखित तालिका द्वारा दर्शाया गया है:

परिणामशूल पर आयुर्वेदीय योगों का निदानचिकित्सात्मक अध्ययन एवं परिणामः

क्र. सं.	परीक्षण औषधि	संस्थान/केंद्र/ एकक	कुल रोगी	परिणाम				
				उत्तम लाभ	मध्यम लाभ	अल्प लाभ	शून्य लाभ	मध्यगत
1.	आमलकी रसायन	के.अनु.सं.भु.	3			2		1
2.	इंदुकांत घृत स्नेहपान	क्षे.अनु.सं.वि.	5		4	1		
3.	महातिक्त घृत स्नेहपान	क्षे.अनु.सं.वि. क्षे.अनु.सं.ज.	5 2	1	3 1	1		 1
4.	शतावरी मधुयष्टिघन सत्व वटी	क्षे.अनु.सं.वि.	6		6			
	योग		**21**	**1**	**14**	**4**		**2**

श्लीपद

श्लीपद पर निदानचिकित्सात्मक परीक्षण केंद्रीय अनुसंधान संस्थान,भुवनेश्वर, क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, पटना और विजयवाड़ा में किए गए । विभिन्न चिकित्सा विधियों का प्रयोग करते हुए कुल 121 रोगियों पर अध्ययन किया गया । इससे संबंधित संक्षिप्त विवरण, अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या और उनके परिणामों को निम्नलिखित तालिका द्वारा दर्शाया गया है:

श्लीपद पर आयुर्वेदीय योगों का निदानचिकित्सात्मक अध्ययन एवं परिणामः

क्र. सं.	परीक्षण औषधि	संस्थान/केंद्र/ एकक	कुल रोगी	परिणाम				
				उत्तम लाभ	मध्यम लाभ	अल्प लाभ	शून्य लाभ	मध्यगत
1	कांचनार गुग्गुलु, गोक्षुरादि गुग्गुलु के साथ	के.अनु.सं.भु.	18	3	8	3		4
		क्षे.अनु.सं.प.	10	3	3	4		
		क्षे.अनु.सं.वि.	30	6	11	6		7
2	श्लीपदारि रस, पुनर्नवादिचूर्ण	के.अनु.सं.भु.	19	4	6	5		4
		क्षे.अनु.सं.प.	8	2	3	3		
		क्षे.अनु.सं.वि.	36	8	14	7	5	2
	योग		**121**	**26**	**45**	**28**	**5**	**17**

तमकश्वास

तमकश्वास पर निदानचिकित्सात्मक परीक्षण केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, भुवनेश्वर, जयपुर, पटियाला, क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, पटना, विजयवाड़ा और आयुर्वेदिक अनुसंधान एकक, बंगलूर में किए गए । विभिन्न चिकित्सा विधियों का प्रयोग करते हुए कुल 129 रोगियों पर अध्ययन किया गया । इससे संबंधित संक्षिप्त विवरण, अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या और उनके परिणामों को निम्नलिखित तालिका द्वारा दर्शाया गया हैः

तमकश्वास पर आयुर्वेदीय योगों का निदानचिकित्सात्मक अध्ययन एवं परिणामः

क्र. सं.	परीक्षण औषधि	संस्थान/केंद्र/ एकक	कुल रोगी	परिणाम				
				उत्तम लाभ	मध्यम लाभ	अल्प लाभ	शून्य लाभ	गध्यगत
1	पिप्पली वर्धमान, क्षीर पाक, समीर पन्नग रस	क्षे.अनु.सं.,वि.	16	3	6	3	1	3
		क्षे.अनु.सं.,प.	15	1	4	1		9
2	शिरीष त्वक् क्वाथ	क्षे.अनु.सं.वि.	16	2	4	6	1	3
		के.अनु.सं.प.	16	2	2	1		11
		के.अनु.सं.भु.	4		2	1		1
		के.अनु.सं.ज.	26	3	6	4		13
		क्षे.अनु.सं.ब.	12	10	2			
3	शोधन चिकित्सा	क्षे.अनु.सं.वि.	24	10	12	1		1
	योग		**129**	**31**	**38**	**17**	**2**	**41**

विषमज्वर

विषमज्वर पर निदानचिकित्सात्मक परीक्षण केंद्रीय अनुसंधान संस्थान, जयपुर, क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, नागपुर, ईटानगर, क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, हस्तिनापुर ए,लक्ष्मीपति आयुर्वेद अनुसंधान केंद्र चेन्नई, में किए गए । विभिन्न चिकित्सा विधियों का प्रयोग करते हुए कुल 354 रोगियों पर अध्ययन किया गया ।इससे संबंधित संक्षिप्त विवरण, अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या और उनके परिणामों को निम्नलिखित तालिका द्वारा दर्शाया गया है:

विषमज्वर पर आयुर्वेदीय योगों का निदानचिकित्सात्मक अध्ययन एवं परिणामः

क्र. सं.	परीक्षण औषधि	संस्थान/केंद्र/ एकक	कुल रोगी	परिणाम				
				उत्तम लाभ	मध्यम लाभ	अल्प लाभ	शून्य लाभ	गध्यगत
1	आयुष-64	के.अनु.सं.ज.	13	9	4	-	-	-
	स्फटिक भस्म	ए.ल.अनु.के.आयु.चे.	61	12	1	5	10	33
	गुडूची सत्व	क्षे.अनु.सं.ई.	27	18	3	-	-	6
		क्षे.अनु.सं.ना.	10	-	3	3	2	2
		क्षे.अनु.के.ह.	103	15	52	27	9	-
2.	सप्तपर्ण घनवटी	क्षे.अनु.सं.ना.	8	-	2	3	-	3
		के.अनु.सं.ज.	17	10	6	1	-	-
		ए.ल.अनु.के.आयु.चे.	93	4	-	3	8	78
		क्षे.अनु.सं.ई.	14	9	2	-	-	3
3	पारिजात पत्र घनवटी	क्षे.अनु.सं.ना.	8	-	1	6	-	1
	योग		**354**	**77**	**74**	**48**	**29**	**126**

व्यानबल वैषम्य

व्यानबल वैषम्य पर निदानचिकित्सात्मक परीक्षण केंद्रीय अनुसंधान संस्थान, भुवनेश्वर, कोलकाता, पटियाला, दिल्ली, ग्वा.लियर, मुम्बई, क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान,नागपुर, बंगलूर, झांसी, ईटानगर और ए.लक्ष्मीपति अनुसंधान केंद्र आयुर्वेद,चेन्नई में किए गए । विभिन्न चिकित्सा विधियों का प्रयोग करते हुए कुल 397 रोगियों पर अध्ययन किया गया । इससे संबंधित संक्षिप्त विवरण, अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या और उनके परिणामों को निम्नलिखित तालिका द्वारा दर्शाया गया है:

व्यानबल वैषम्य पर आयुर्वेदीय योगों का निदानचिकित्सात्मक अध्ययन एवं परिणामः

क्र. सं.	परीक्षण औषधि	संस्थान/केंद्र/ एकक	कुल रोगी	परिणाम				
				उत्तम लाभ	मध्यम लाभ	अल्प लाभ	शून्य लाभ	मध्यगत
1.	वचा, ब्राह्मी, जटामांसी एवं	के.अनु.सं.भु.	27	8	11	7		1

	अर्जुन का मिश्रण बराबर मात्रा में ।	के.अनु.सं.को.	6		3			3
		के.अनु.सं.ग्वा.	12		2	7	1	2
		के.अनु.सं.मु.	13	3	3	3		4
		के.अनु.सं.दि.	22	3	9	3	1	6
		के.अनु.सं.प.	46	4	8	7	1	26
		क्षे.अनु.सं.झां.	4	-	2	2	-	-
		क्षे.अनु.सं.ना.	31	4	4	9		11
		क्षे.अनु.सं.बं.	8	3	2	1	3	2
		क्षे.अनु.सं.ई.	36	9	11	3		11
		क्षे.अनु.सं.ज.	18	9			2	8
		क्षे.अनु.सं.जू.	4	1	1	1	1	1
2	चन्द्रप्रभा वटी स्वेत पर्पटी एवं पुनर्नवा मण्डूर विशिष्ट आहार-विहार के साथ	के.अनु.सं.भु.	32	22	6	4		
		के.अनु.सं.को.	10	2	1	1	3	3
		के.अनु.सं.ग्वा.	18		4	6	4	4
		के.अनु.सं.मु.	17	5	4	2	1	5
		क्षे.अनु.सं.ना.	26	3	7	6	4	6
		क्षे.अनु.सं.बं.	12	3	3	5		1
		क्षे.अनु.सं.ई.	32	11	5	3	1	12
		क्षे.अनु.सं.झां.	12	6	3			3
		क्षे.अनु.सं.जू.	3	3				
		ए.ल.आयु.अनु.के.चे.	7	1	4			2
	योग		**396**	**100**	**93**	**70**	**22**	**111**

कामला

कामला पर निदानचिकित्सात्मक परीक्षण केंद्रीय अनुसंधान संस्थान, लखनऊ, क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, हस्तिनापुर में किए गए । विभिन्न चिकित्सा विधियों का प्रयोग करते हुए कुल 66 रोगियों पर अध्ययन किया गया । इससे संबंधित संक्षिप्त विवरण, अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या और उनके परिणामों को निम्नलिखित तालिका द्वारा दर्शाया गया है:

कामला पर आयुर्वेदीय योगों का निदानचिकित्सात्मक अध्ययन एवं परिणाम:

क्र. सं.	परीक्षण औषधि	संस्थान/केंद्र/ एकक	कुल रोगी	परिणाम				
				उत्तम लाभ	मध्यम लाभ	अल्प लाभ	शून्य लाभ	मध्यगत
1	पुनर्नवा मण्डूर	के.अनु.सं.ल.	19	7	3			8
	आरोग्यवर्धिनी	क्षे.अनु.के.ह.	47	13	4	29		1
	योग		**66**	**20**	**7**	**29**	**1**	**9**

(ब) रोग समूह, रोगियों की संख्या और निदानचिकित्सात्मक अनुसंधान कार्यक्रम के अंतर्गत सम्मिलित परियोजनाएं:

क्र. सं.	रोग समूह	रोगी संख्या	परियोजनाएं
1.	**प्राणवह स्रोतस व्याधि**		
	तमक श्वास	129	के.अनु.सं.मु., के.अनु.सं.ज., के.अनु.सं.प., क्षे.अनु.सं.प., क्षे.अनु.सं.वि., क्षे.अनु.सं.बं.
2.	**अन्नवह स्रोतस व्याधि**		
	परिणामशूल	21	के.अनु.सं.मु., क्षे.अनु.सं.वि., क्षे.अनु.सं.ज.
	ग्रहणी रोग	51	के.अनु.सं.ग्वा.., क्षे.अनु.सं.प., क्षे.अनु.सं.गं.
3.	**पुरीषवह स्रोतस व्याधि**		
	अर्शक	695	के.अनु.सं.ग्वा.., के.अनु.स.को, के.अनु.सं.दि., के.अनु.सं.मु. के.अनु.सं.भु., के.अनु.सं.ल., क्षे.अनु.सं.प., क्षे.अनु.सं.ज., क्षे.अनु.सं.मं., क्षे.अनु.सं.बं., क्षे.अनु.के.,ह.,
	भगन्दर	62	के.अनु.सं.दि., के.अनु.सं.मु., के.अनु.स.को.
	कामला	66	के.अनु.सं.ल., क्षे.अनु.के.ह.
4.	**मूत्रवह स्रोतस व्याधि**		
	मूत्राश्मरी	86	के.अनु.सं.,दि.,क्षे.अनु.सं.,त्रि.,क्षे.अनु.सं.,ज., क्षे.अनु.सं.,ई.
	मधुमेह	134	के.अनु.सं.,दि, के.अनु.सं.,मु., क्षे.अनु.सं.,ई.
5.	**रस,रक्तवह स्रोतस व्याधि** व्यानबल वैषम्य	396	के.अनु.सं.मु.,के.अनु.सं.,को.,के.अनु.सं.,प.,के.अनु.सं.,दि., के.अनु.सं.,ग्वा.,के.अनु.सं.,मु.,क्षे.अनु.सं.,ना.,क्षे.अनु.सं.,बं., क्षे.अनु.सं.,झां.,क्षे.अनु.सं.,ई.,ए.ल.अनु.के.आयु.,चे., क्षे.अनु.सं.,ज., क्षे.अनु.सं.,जू.
6.	**मेदोवह स्रोतस व्याधि**		
	मेदोरोग	194	के.अनु.सं.ल.,के.अनु.सं.,प.,के.अनु.सं.,को.के.अनु.सं.,दि., के.अनु.सं.,मु.,ए.ल.अनु.के.आयु.,चे., क्षे.अनु.सं.,ज.

7.	**वात व्याधि**		
	आमवात	487	के.अनु.सं.ग्वा., के.अनु.सं., मु., के.अनु.सं.चे., के.अनु.सं.ज., के.अनु.सं.को., के.अनु.सं.प., के.अनु.सं.ल., के.अनु.सं.दि., के.अनु.सं.भु., क्षे.अनु.सं.त्रि., क्षे.अनु.सं.वि., क्षे.अनु.सं.मं., क्षे.अनु.सं.झां., क्षे.अनु.सं.जू., क्षे.अनु.सं.ज., क्षे.अनु.सं.ई.
	पक्षाघात	127	के.अनु.सं.प., के.अनु.सं.चे., के.अनु.सं.दि., के.अनु.सं.भु., क्षे.अनु.सं.ना., आयु.अनु.ए.बं.
	पंगु	41	के.अनु.सं., चेरु., क्षे.अनु.सं., ना.
	गृध्रसी	76	के.अनु.सं.चे., के.अनु.सं.दि., क्षे.अनु.सं.झां. क्षे.अनु.सं.प., क्षे.अनु.सं.ई.
8.	**मनोवह स्रोतस व्याधि**		
	मनोद्वेग	71	के.अनु.सं.ल., के.अनु.सं.प., क्षे.अनु.सं.बं., आयु.अनु.ए.बं.
	अपस्मार	12	के.अनु.सं.दि., आयु.अनु.ए.बं.
	मानस मंदता	16	आयु.अनु.ए.बं.
9.	**नेत्रगत व्याधि**		
	तिमिर रोग	50	के.अनु.सं.दि.
10.	**सर्वदेहगत व्याधि**		
	किटिभ	129	के.अनु.सं.प, के.अनु.सं.भु., के.अनु.सं.चे, क्षे.अनु.सं.जू, क्षे.अनु.सं.त्रि., क्षे.अनु.सं.ज., क्षे.अनु.के.ह.
11.	**आगतुज व्याधि**		
	विषमज्वर	354	के.अनु.सं.ज., क्षे.अनु.सं.ना., क्षे.अनु.सं.ई., ए.ल.आयु.अनु.के.चे., क्षे.अनु.के.ह.
	श्लीपद	121	के.अनु.सं.भु., क्षे.अनु.सं.प., क्षे.अनु.सं.वि.

(स) बहिरंग रोगी विभाग और अंतरंग रोगी विभाग में प्रविष्ट/निर्मुक्त रोगियों की संख्या को तालिका में दर्शाया गया है:

क्र. सं.	संस्थान/केंद्र/एकक का नाम	बहिरंग रोगी विभाग में रोगी			अंतरंग रोगी विभाग में रोगी		
		नए	पुराने	कुल	प्रविष्ट	विमुक्त	% शैय्या
1.	के.अनु.सं., दिल्ली	18436	23345	41781	305	286	42.32
2.	के.अनु.सं., भुवनेश्वर	8567	8517	17084	240	223	58.00
3.	के.अनु.सं., मुम्बई	2682	8724	11406	183	189	45.02
4.	के.अनु.सं., पटियाला	6769	5364	12133	99	100	21.12
5.	के.अनु.सं., चेरुतुरुति	13483	66628	80111	398	399	74.98
6.	के.अनु.सं., लखनऊ	7465	6548	14013	-	-	-
7.	के.अनु.सं., कोलकाता	6881	13280	20161	145	152	66.45
8.	के.अनु.सं., ग्वालियर	5101	4642	9743	18	17	13.00
9.	के.अनु.सं., जयपुर	17033	19134	36167	433	426	70.97
10.	क्षे.अनु.सं., जूनागढ	2035	3340	5375	-	-	-
11.	क्षे.अनु.सं., पटना	6007	5963	11970	29	29	16.6
12.	क्षे.अनु.सं., त्रिवेन्द्रम	5671	25813	31484	56	51	67.7
13	क्षे.अनु.सं., नागपुर	5603	8412	14015	70	71	74.8
14.	क्षे.अनु.सं., बंगलूर	2803	6842	9645	-	-	-
15.	क्षे.अनु.सं., जम्मू	6080	10246	16326	-	-	-
16.	क्षे.अनु.सं., मंडी	12963	8441	21404	34	33	14.27
17.	क्षे.अनु.सं., गंगटोक	2819	2867	5686			
18.	क्षे.अनु.सं., विजयवाड़ा	4499	12348	16847	118	107	92.62
19.	क्षे.अनु.सं., ईटानगर	12125	9104	21229	-	-	-
20.	क्षे.अनु.सं., झांसी	350	491	841	-	-	-
21.	क्षे.अनु.के., ह.	8851	10500	19351	-	-	-
22.	ए.ल.अनु.के.आयु., चेन्नई	1066	2881	3947	-	-	-
23.	आयु.अनु.ए., बंगलूर	1775	1850	3625	-	-	-
24.	नि.चि.अनु.ए., कोट्टाकल	-	-	-	73	70	24.00
25.	आयु.चि.के., सफदरजंग, नई दिल्ली	17614	11689	29303	-	-	-
	योग	**1,76,678**	**2,76,969**	**4,53,647**	**2,201**	**2,153**	

(द) स्वास्थ्य रक्षा अनुसंधान कार्यक्रमः

आदिवासी स्वास्थ्य रक्षा अनुसंधान कार्यक्रम

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आदिवासी लोगों के रहन-सहन की स्थिति का अध्ययन करना, उनके द्वारा प्रयुक्त क्षेत्रीय औषधियों, उस क्षेत्र में पाये जाने वाले औषध पादपों की प्राप्ति, स्वास्थ्य विज्ञान संबंधी मौखिक जानकारी देना, रोगों से बचाव, उस क्षेत्र में पाये जाने वाले सामान्य औषध पादपों का प्रयोग तथा घर-घर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है । इस कार्यक्रम की अलग-अलग आदिवासी एककों को विभिन्न केंद्रीय अनुसंधान संस्थान और क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान जैसे केंद्रीय अनुसंधान संस्थान, ग्वा.लियर, क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (आयु.); पटना, क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, ईटानगर, क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, गोहाटी में विलय कर के जारी रखा गया है। आदिवासी स्वास्थ्य रक्षा अनुसंधान परियोजना कार-निकोबार एक एकक के रूप में कार्य कर रहा है। प्रतिवेदन अवधि 2002-2003 के दौरान इस कार्यक्रम में हुई प्रगति को यहां पर बताया गया हैः

क्र. सं.	संस्थान/एकक का नाम	सम्मिलित गांव का नाम	सम्मिलित जनसंख्या	चिकित्सित रोगियों की संख्या	सामान्य रोग
1.	के.अनु.सं.(आयु.), ग्वालियर	गांधी पुरा, रैका पुरा	2361	614	कास, श्वास, अतिसार, कण्डु, कृमि रोग, संधिशूल, प्रतिश्याय, व्रण ।
2.	क्षे.अनु.सं.(आयु.), पटना	जमुई दुमका	10500	1056	श्वास, कास, कृमि रोग, उदरशूल, त्वक रोग, अम्लपित्त, आमवात ।
3	क्षे.अनु.सं.(आयु.), ईटानगर	गुरुवर्धा, बिष्णुपुर	500	972	कास, त्वक रोग, उदरशूल, वात व्याधि, श्वास, ज्वर, अतिसार, अम्लपित्त, व्यानबल वैषम्य ।
4.	क्षे.अनु.सं.(आयु.), नागपुर	बोथाली, दहेगांव, सिर्सी, आमरुल, गुडा, भेंडाटा, सातर भोस्ले	2385	623	कटिशूल, प्रतिश्याय, ज्वर, कास, त्वक रोग, वातव्याधि, श्वास, अम्लपित्त, परिणामशूल, कृमि रोग, उदरशूल ।
5.	क्षे.अनु.स.(आयु.), गुवाहाटी	तप्सिआ योग्दल कटकी पुरा	5030	2179	कास, श्वास, अतिसार, कण्डु, कृमि रोग, त्वक रोग, संधिशूल, प्रतिश्याय, व्रण ।
6.	आ.स्वा.र.अनु.परि. कार निकोबार	मुख्यालय	–	1855	अतिसार, कास, प्रतिश्याय, व्यानबल वैषम्य, अग्निमंद्य, आमवात, अम्लपित्त, अर्श, त्वक रोग, वातव्याधि ।
	योग	15	22,226	7,299	

3. चिकित्सा-प्रजाति वानस्पतिक सर्वेक्षण कार्यक्रम

चिकित्सा-प्रजाति वानस्पतिक सर्वेक्षण, औषध अनुसंधान का एक महत्वपूर्ण अवयव है । यह निदान चिकित्सात्मक, पादप-रसायन, भेषजगुणविज्ञानीय, भेषजअभिज्ञानीय एवं औषध मानकीकरण आदि जैसी अनुसंधानिक अध्ययनों की शुरुआत के लिए मौलिक सूचना एवं प्रमाणिक कच्ची औषधीय पदार्थों को सुलभ करता है । क्षेत्रीय केंद्रों एवं संस्थानों के अधीन कार्यशील अनेक सर्वेक्षण एककों द्वारा सभी पहलुओं जिसमें विभिन्न महत्वपूर्ण फाइटोजियोग्रैफिक क्षेत्र, राज्य, जनपद एवं आदिवासी क्षेत्र भी सम्मिलित हैं, से उपयोगी एवं मौलिक सूचनाओं का संग्रह किया जाता है । इनके आंकड़ों को औषध वानस्पतिक मोनोग्राफों में समय-समय पर प्रकाशित किया जाता है । वर्तमान में केवल 8 औषध पादप सर्वेक्षण एकक ही क्रियारत है यथा - बंगलूर, गुवाहाटी, ग्वालियर, ईटानगर, झांसी, नागपुर, ताड़ीखेत एवं त्रिवेंद्रम । सभी के सहयोग से लगभग 727.5 कि.ग्रा.कच्ची औषधीय पदार्थों का संग्रह किया गया तथा 30 चिन्हित संस्थानों को 98 नमूनों की आपूर्ति की गई ।

परिषद के सर्वेक्षण एककों द्वारा वर्ष 2002-2003 के मध्य निम्नलिखित कार्य किए गए:

किए गए महत्वपूर्ण कार्य:

सर्वेक्षण एककों की संख्या	यात्राएं की गईं	संग्रह किए गए पादप प्रजाति की संख्या	कच्ची औषधीय नमूने			आपूर्ति किए गए संस्थानों की संख्या
			संग्रहीत	आपूर्ति	भार	
8	10 सर्वेक्षण + 42 स्थानीय यात्राएं, औषध संग्रह हेतु	1141	156	98	727.5 कि.ग्रा.	30

हर्बेरियम शीट्स तैयार/निर्निंत (बैक लाग के साथ)	चिन्हित हर्बेरियम शीट्स बैक लॉग के साथ	हर्बेरियम शीटों की प्राप्ति	संग्रहालयीय नमूने का संग्रह	संग्रहीत लोक प्रचलित चिकित्सा दावा
1332	870	883	66	177

पत्र प्रकाशित/ संचारित	अपनाया गया तकनीकी ज्ञान	प्रदर्शनी का आयोजन	संगोष्ठी/कार्यशाला में सहभागिता
20	-	1	7

वर्तमान वर्षावधि में किए गए कार्यों का विवरण निम्नानुसार है:

1. क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (आयुर्वेद), बंगलूर (कर्नाटक)

क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (आयु.), बंगलूर के अधीन सर्वेक्षण एकक क्रियारत है जिसके द्वारा एक सर्वेक्षण यात्रा की गयी । इन यात्रा के माध्यम से 135 वंशों एवं 65 परिवारों से संबंधित 161 पादप प्रजातियों का संग्रह किया गया । इन नमूने को प्रक्रमण निमित एवं

चिन्हित किया गया । 20 कि.ग्रा. संग्रहीत कच्ची औषध की आपूर्ति की गयी । हर्बेरियम अनुभाग में 197 नमूने तैयार किए गए एवं 166 नमूने का अधिमिलन किया गया तथा संस्थान के संग्रहालय में 7 नमूने बढ़ाए गए । एकक के सर्वेक्षण अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा 6 अनुसंधान पत्रिकाओं का अंशदान किया गया । एकक ने 3 कार्यशालाओं/संगोष्ठियों में सहभागिता की ।

2. क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (आयुर्वेद), गुवाहाटी (असम)

क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (आयु.), गुवाहाटी में स्थित सर्वेक्षण एकक द्वारा औषध संग्रह हेतु 6 संग्रह यात्राएं की गयी । संग्रहीत 165 कि.ग्रा. भार औषध तथा 33 कि.ग्रा. शुष्क औषधीय पदार्थ को विभिन्न संस्थानों को आपूर्ति की गई । सर्वेक्षण एकक ने तीन लोक प्रचलित दावों को संग्रहीत किया तथा संस्थान के संग्रहालय में 5 नमूने बढ़ाये गए ।

3. केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, ग्वालियर (मध्य प्रदेश)

केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, ग्वा.लियर के सर्वेक्षण एकक द्वारा कच्ची औषध संग्रह हेतु स्थानीय यात्रा की गई । संग्रहीत 6 कि.ग्रा. औषध को परिषद के विभिन्न संस्थानों को आपूर्ति की गई। 'ए स्टडी आफ हर्बल वेल्थ ऑफ सरगुजा' शीर्षक नामक मोनोग्राफ के प्रथम भाग को पूर्ण कर परिषद मुख्य कार्यालय को प्रस्तुत किया गया । मोनोग्राफ का अंतिम भाग संपादन एवं संगणक में फीड करने हेतु प्रक्रियाधीन है ।

4. क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (आयु.), ईटानगर (अरुणाचल प्रदेश)

क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (आयु.) में स्थित सर्वेक्षण एकक द्वारा एक सर्वेक्षण एवं 14 संग्रह यात्राएं की गईं । इन यात्राओं में 140 वंशों एवं 94 परिवारों से संबंधित 175 पादप नमूनों का संग्रह किया गया । इसके अतिरिक्त 63.5 कि.ग्रा. कच्ची औषध का संग्रह किया गया तथा आपूर्ति की गई। दो पौधों के जर्म प्लाज्म पदार्थ (बीज), एन.बी.पी.जी.आर., पूसा, नई दिल्ली को जीन बैंक हेतु आपूर्ति की गई । संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा तीन शोध-पत्र प्रकाशित किए गए तथा दो कार्यशालाओं/संगोष्ठियों में सम्मिलित हुए ।

5. क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (आयु.), झांसी (उत्तर प्रदेश)

क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, झांसी में स्थिति सर्वेक्षण एकक द्वारा स्थानीय यात्राएं की गयी तथा 180 कि.ग्रा. ताजा औषध का संग्रह किया गया । संस्थान द्वारा कुल 290 कि.ग्रा. औषधों का परिषद के विभिन्न संस्थानों को आपूर्ति की गई । संस्थान के उद्यान से 150 कि.ग्रा. ताजा कच्ची औषध का संग्रह किया गया ।

6. क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (आयु.), नागपुर (महाराष्ट्र)

क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (आयु.), नागपुर में स्थित सर्वेक्षण एकक द्वारा दो यात्राऐं संचालित की गयीं । इन यात्राओं में उद्भिदालय हेतु 108 पादप नमूनों का संग्रह किया गया तथा 55 लोक प्रचलित दावों, 8 संग्रहालय नमूनों का संग्रह संस्थान के संग्रहालय के लिए किया गया । तीन संग्रह यात्राएं भी संचालित की गयी तथा आपूर्ति हेतु 62 कि.ग्रा. कच्ची औषध का संग्रह किया गया ।'मेलघाट वन क्षेत्र' पर मोनोग्राफ समीक्षाधीन है ।

7. क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (आयु.), ताड़ीखेत (उत्तरांचल)

क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (आयु.), ताड़ीखेत द्वारा दो यात्राऐं की गयीं तथा 177 पादप-प्रजातियों का संग्रह किया गया । 30 कच्ची औषध (109 कि.ग्रा. भार) का भी संग्रह किया गया तथा विभिन्न संगठनों को आपूर्ति की गयी । संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा 6 शोध-पत्र प्रकाशित किए गए ।

8 क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (औ.अनु.), त्रिवेन्द्रम (केरल)

क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (औ.अनु.), त्रिवेन्द्रम द्वारा एक सर्वेक्षण यात्रा की गई तथा 84 पादप नमूनों एवं 5 लोक प्रचलित नमूनों का संग्रह किया गया । कुल 25 कच्ची औषधियों जिसके भार 25 कि.ग्रा. थे, का संग्रह किया गया तथा विभिन्न संस्थानों को अपूति की गई । उद्भिदालय अनुभाग में 58 नमूनों को चिन्हित किया गया एवं 252 नमूनों का निर्धारण किया गया । संग्रहालय में 14 नमूनों को जोडा गया । संस्थान के वैज्ञानिक द्वारा एक शोध-पत्र प्रकाशित किया गया एवं एक संगोष्ठी/कार्यशाला में भाग लिया ।

परिषद के मुख्यालय, नई दिल्ली में केंद्रीय उद्भिदालय और संग्रहालय

प्रतिवेदन अवधि में केंद्रीय उद्भिदालय और संग्रहालय का रख-रखाव किया गया । इस अनुभाग ने देश के विभिन्न भागों में प्रदर्शनियां आयोजित की । देश के विभिन्न शहरों यथा - मुम्बई, धर्मशाला, चम्बा, टीकमगढ़, जोधपुर, हैदराबाद, कटिहार तथा नई दिल्ली में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया । इसके अतिरिक्त झांसी, कश्मीर विज़न- श्रीनगर, नेत्र कैम्प पंजाबी बाग, नई दिल्ली तथा आरोग्य 2003 का नई दिल्ली और चंडीगढ़ में आयोजन किया गया । वैज्ञानिक समुदाय तथा सामान्य जनता को जन स्वास्थ्य में आयुर्वेद एवं सिद्ध की भूमिका के विषय में जानकारी देने के लिए विश्व आयुर्वेद महासम्मेलन, कोचि एवं प्रथम प्रवासी भारतीय दिवस, नई दिल्ली में भी भाग लिया ।

4. औषध पादप कृषि कार्यक्रम

परिषदाधीन आयुर्वेद एवं सिद्ध के पांच औषध पादप उद्यान हैं जो पुणे (महाराष्ट्र), नंगलियावास नजदीक अजमेर (राजस्थान), ईटानगर (अरुणाचल प्रदेश), झांसी (उत्तर प्रदेश) एवं ताड़ीखेत (उत्तरांचल) में स्थित है । इन औषध उद्यानों में लघु एवं बृहद् स्तर पर आयुर्वेद एवं सिद्ध की कुछ महत्वपूर्ण औषध पादपों की प्रायोगिक कृषि की जाती है ।

पुणे का औषध पादप उद्यान ऊतक संजनन पर अनुसंधान गतिविधियों के साथ एक प्रदर्शक/प्रतिनिधि उद्यान है ।

गुग्गुलु औषध फार्म, मंगलियावास में बृहद् स्तर पर शुष्क/अर्द्ध शुष्क क्षेत्र में गुग्गुलु प्रजातियों की कृषि कार्यक्रम की जाती है । रंगीन गोंद को धूप से संरक्षण/पाने एवं उपलब्धि की दृष्टि से सुरक्षित एवं गोंद के दोहन हेतु उपयुक्त विधि विकसित की गई । रानीखेत में स्थित हर्बल उद्यान में, परिषद ने सफलतापूर्वक कुमकुम के प्रचार हेतु तकनीक को विकसित किया है ।

1. क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, पुणे (महाराष्ट्र)

संस्थान के पास 19.5 एकड़ जमीन है, जिसमें से लगभग 15 एकड़ जमीन को विकसित किया गया है और प्रदर्शक उद्यान तथा औषध पादप कृषि कार्यक्रम के लिए उपयोग में लाया जा रहा है । 360 से ज्यादा औषधीय प्रजातियों तथा आर्थिक महत्व के पादपों का रख-रखाव किया जा रहा है, जिनमें से 132 औषध पादप आयुर्वेदिक फार्मुलरी ऑफ इंडिया भाग-I में सम्मिलित है । बृहद् स्तर पर गंभारी, अर्जुन, बिल्व पादपों का पहले से ही रख-रखाव किया जा रहा है । आयुर्वेदिक महत्व के औषध पादपों के 9 औषधि प्रजातियों यथा ब्राह्मी, शतावरी, शालपर्णी, बृहती, दंती, वासा, मंडूकपर्णी, कुमारी एवं पाठा पादपों को समुचित ढंग से उद्यान के क्यारियों में लगाया गया इसके अतिरिक्त 79 गुग्गुलु पादपों को भी लगाए गए । सर्पगंधा, अशोक, रक्त चन्दन, चन्दन (श्वेत) तथा पाठा आदि जैसे पादपों के संरक्षण एवं रोपण के लिए कदम उठाए गए ।

उद्यान उत्पादों में से 55 किस्मों संबंधित 73.61 कि.ग्रा. शुष्क कच्ची ओषधियों की परिषद के अधीन कार्यरत विभिन्न एककों/संस्थानों में आपूर्ति की गई । 29.45 कि.ग्रा. बीज पदार्थ जीन बैंक, नेशनल ब्यूरो ऑफ प्लांट जेनेटिक रिसोर्सिज, नई दिल्ली को आपूर्ति की गई । 57 औषध पादप प्रजातियों के फल/बीज एवं 27 प्रजातियों का संग्रह उद्भिदालय के लिए किया गया । संस्थान ने परिषद प्रकाशन एवं गुग्गुलु तथा अन्य पादप अंगों के विक्री से रु. 37,908/- अर्जित किये ।

औषधीय पादपों की कृषि के संबंध में निःशुल्क मार्गदर्शन और तकनीकी जानकारी अनेक इच्छुक व्यक्तियों और संस्थानों को दी गई ।

2. गुग्गुलु औषध फार्म, मंगलियावास, अजमेर (राजस्थान)

गुग्गुलु औषध फार्म, मंगलियावास, केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, जयपुर के अधीन में कार्यरत है तथा अजमेर से लगभग 26 कि.मी. की दूरी पर स्थित है । फार्म लगभग 142 एकड़ भूमि में फैला हुआ है तथा मुख्य रूप से इसका उद्देश्य विशाल स्तर पर गुग्गुलु संरक्षण, कृषिकरण एवं बहुमूल्य औषध पादप 'गुग्गुल' का प्रसार करना है । विभिन्न प्रायोगिक दशाओं में इसके विकास से संबंधित व्यवहार का अवलोकन करना है । लगभग 40 एकड़ जमीन पर गुग्गुलु आरोपित किया जाता है ।

वर्तमान में 14817 गुग्गुलु पादपों को फार्म में उगाया जा रहा है । गुग्गुलु के अतिरिक्त अन्य 69 पादपों को विस्तृत रूप से उगाया जा रहा है, एवं कुछ अन्य प्रजातियों की लघु स्तर पर कृषि की जाती है जैसे - नीम, लांगली, बबूल, गुडूची, सतावरी, कुमारी, आमलकी, करंज, लताकरंज एवं अकेसिया सेनैगल इत्यादि ।

प्रतिवेदन अवधि में 2850 गुग्गुलु के पौधे क्यारियों में आरोपित किए गए जिसमें से 1322 पोधों के अंकुर को कटिंग की गई । क्यारियों में 1370 छोटे पौधों को भी विकसित किया गया । प्रतिवेदन अवधि में 13.300 कि.ग्रा. गुग्गुलु की गोंद का संग्रह किया गया तथा परिषदाधीन विभिन्न संस्थानों एवं संस्थान के चिकित्सालय अनुभाग को 30 कच्ची औषधियों सामग्री की आपूर्ति की गई। प्रतिवेदन अवधि में पौधों की मूल कटिंग एवं गोंद की बिक्री से रु. 87,875/- की राशि अर्जित की गई । 7 कि.ग्रा. गुग्गुलु क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, विजयवाड़ा को आपूर्ति की गई तथा 39.5 कि.ग्रा. गुग्गुलु वर्तमान में स्टॉक में है ।

3. क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, ईटानगर (अरुणाचल प्रदेश)

क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, ईटानगर का औषध पादप उद्यान लगभग 17 एकड़ भू-भाग में स्थित है । वर्तमान में लगभग 9.6 एकड़ क्षेत्र में औषध पादपों की कृषि की जाती है। उद्यान में आयुर्वेदिक महत्व की कुल 200 किस्मों के पादपों को उगाया जा रहा है । संपूर्ण पादपों में से 112 औषधीय पादपों की प्रजातियों का उल्लेख आयुर्वेदिक फार्मुलरी भाग-I में किया गया है ।

वर्तमान वर्ष के दौरान 28 पादप किस्मों को उद्यान में आरोपित किया गया । संस्थान के बहिरंग रोगी विभाग तथा परिषद के अन्य संस्थानों में प्रयोग के लिए 27 कि.ग्रा. कच्ची औषधिया प्राप्त की । नेशनल प्लांट जर्मप्लाज्म कलेक्शन कार्यक्रम के अंतर्गत एन.बी.पी.जी.आर., नई दिल्ली को औषधीय पादपों के बीजों की आपूर्ति की गई।

परियोजनाओं के अधीन (i) - केंद्रीय औषध पादप कृषि कार्यक्रम योजना परियोजना, (त्त) - मंत्रालय के भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं हो.विभाग के अधीन राष्ट्रीय औषध पादप बोर्ड के अन्तर्गत अशोक, अर्जुन, गंभारी, गुडूची, साईनोक, तुलसी, बिल्व, सतावरी, पिप्पली एवं चित्रक पोधे को आरोपित किया गया तथ नर्सरी के लिए भी उन्नत किया गया ।

4. क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, झांसी (उत्तर प्रदेश)

क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, झांसी में महत्वपूर्ण आयुर्वेदिक औषध पादपों की प्रायोगिक आधार पर प्रदर्शक उद्देश्य के लिए कृषि का कार्य किया जा रहा है । वर्तमान में लगभग 15 एकड़ भूमि पर औषध पादप कृषि कार्यक्रम चलाया जा रहा है । उद्यान में लगभग 200 औषध पादप हैं । संपूर्ण पादपों में से लगभग 50 आयुर्वेदिक, किस्में आयुर्वेदिक फार्मुलरी भाग-। में उल्लिखित हैं । गुग्गुलु, सर्पगंधा, घृतकुमारी, कालमेघ, वासा, शालपर्णी, चित्रक, तुलसी एवं तुलसी भेद, श्वेतगुंजा, खस, तेजपत्र, चोपचिनि, ज्योतिष्मती, ब्राह्मी, प्रियंगु आदि पौधों को सफलतापूर्वक उगाया गया । समुद्र सोख, त्रिवित, प्रसारिणी, पाठा, गुडूची, बिंबी आदि जैसे महत्वपूर्ण आरोही लताओं को सफलतापूर्वक उगाया गया । पौधों के विभिन्न अंगों यथा - बीज, फूल, फल, तना, छाल आदि से प्राप्त लगभग 150 कि.ग्रा. शुष्क एवं ताजा पदार्थ का उद्यान से संग्रह किया गया तथा केंद्र के उद्यान डिपो को आपूर्ति हेतु आपूर्ति की गई । परिषद के विभिन्न संस्थानों को कुल 290 कि.ग्रा.कच्ची औषधियों की आपूर्ति की गई ।

5. क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, ताड़ीखेत (उत्तरांचल)

क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान का औषध उद्यान, रानीखेत में 1700 मीटर की ऊंचाई पर लगभग 2.5 एकड़ भूमि में स्थित है । इसमें औषधीय पादपों की लगभग 215 किस्में हैं, इनमें अधिकतर आयुर्वेदिक महत्व की है और प्रदर्शन के उद्देश्य से इनकी कृषि की जा रही है । इसके अतिरिक्त अन्य पादपों को परिस्थिति और अनुकूलता के प्रायोगिक परीक्षण के लिए लिया गया है । कुल 63 पादप किस्मों को उद्यान में प्रथम बार लगाया गया । संस्थान का दूसरा 'वनौषधि वाटिका' नाम का लघु औषध पादप उद्यान टेहरी जनपद के अंतर्गत चम्मा में स्थित है । वर्तमान में 115 औषध पादपों को उगाया एवं रख-रखाव किया गया। प्रतिवेदन अवधि में कुछ औषध पादपों के बीज/पौधों को वन क्षेत्र से संग्रह किया गया तथा वाटिका में उत्पन्न किया गया ।

केसर की प्रायोगिक कृषि

उत्तरांचल की पहाड़ियों में केंद्रीय आयुर्वेद एवं सिद्ध अनुसंधान परिषद द्वारा केसर की कृषि की संभावना का पता लगाने के लिए उद्यान में इसके अनुसंधान स्थल पर इसके प्रसार,

सुग्राह्यता तथा कृषि के लिए प्रायोगिक परीक्षण प्रारंभ किए गए । कुल 1.53 एकड़ भू-भाग का क्षेत्र, वर्तमान में केसर की कृषि कार्यक्रम के अंतर्गत हैं । अक्तूबर-नवम्बर माह में पुष्पों से केसर एकत्र होती है । 4750 पुष्पों का संग्रह किया गया जिससे 36.2 ग्रा. केसर की उपज प्राप्त हुई ।

****

5. कस्तूरी मृग प्रजनन कार्यक्रम

मुख्य वन्य जीव संरक्षक उत्तर प्रदेश ने 1974 में अनुसंधान कार्य हेतु जीव हानि रहित जीव प्रजनन एवं संग्रह हेतु कस्तूरी मृग को पकड़ने की अनुमति दी थी । कस्तूरी एक जीवन-रक्षक औषधि है जो कई आयुर्वेदिक औषधि निर्माण में प्रयोग किया जाता है यथा - मृगमदाशव, कस्तूरी भैरव रस, कस्तूरीमोदक, वसन्त कुसुमाकर रस आदि । वर्तमान में 22 कस्तूरी मृग हैं जिसमें 18 वर्ष आयु की सबसे बड़ी तथा सबसे छोटी तीन वर्ष की मादा है । इस प्रकार सबसे बड़ा नर 15 वर्ष एवं सबसे छोटा 2 वर्ष का है । पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार की जीव नियंत्रण एवं प्रयोग पर्यवेक्षण समिति ने भी पत्रांक सं.707/ए./सीपीसीएसइए/03 के द्वारा कस्तूरी मृग फार्म पंजीकरण किया हुआ है ।

6. भेषजअभिज्ञानीय अनुसंधान अध्ययन

केंद्रोय आयुर्वेद एवं सिद्ध अनुसंधान परिषद की कोलकाता, पुणे, बंगलूर में स्थित भेषजअभिज्ञानीय अनुसंधान एककों में आयुर्वेद में प्रयोग की जा रही निम्नलिखित औषधियों के अन्वेषण का कार्य विस्तृत रुप से किया जा रहा है । ये अध्ययन एकल औषधियों के भेषज संहिता मानकों को विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं । इसके अतिरिक्त उनकी सही पहचान/प्रामाणिकता के बारे में होने वाले विवाद और भ्रम को भी दूर करने में सहायक होते हैं ।

1. अन्नानस (अनानस कॉमसस मेरी) - फल
2. फेनिला (स्पेनडस ट्रिफोलिटस लिन्न.) - फल
3. राजदानि (मनिलकारा एक्जन्ड्रा (रॉक्स) डब - पत्र, मूल, तना एवं तना छाल
4. तिनिस (डलब्रेजिआ ऊजेनेसिस रॉक्स) - तनाछाल
5. त्रपुश (कुकुमिस सेटिवस लिन्न.) -फल
6. द्रवन्ति (जट्रोफा गलेन्डलिफेरा रॉक्स) - संपूर्ण पादप
7. तितिणीक (रस सक्सीडनीआ लिन्न.) गॉल - (बाजार नमूना)
8. तक्कोल (इल्लिसिम वीरम हूक) - फल
9. हरिद्रा (करक्यूम लोंग लिन्न.) - कन्द
10. आमलकी (एमब्लीका ओफिसिनेल गार्टन) - फल

अध्ययन में औषधियों की मूल वानस्पतिक पहचान तथा वानस्पतिक विवरण तथा मुख्य विशेषता सहित पर्याय के साथ आयुर्वेदिक पारिभाषिक शब्दावली की सही निर्धारण का सही विवरण आता है । इस विस्तृत कार्य में विभिन्न तथ्यों का अध्ययन जैसे औषधि भागों का आकृति विज्ञान जिसमें संवेदी गुण, कोशिका एवं ऊतकों की गुणात्मक और मात्रात्मक दोनों की संरचना, कोशिका, घटक प्राथमिक पादप रासायनिक विश्लेषण, वर्णात्मक अध्ययन, रसायनिक घटकों यथा - अल्कोलायड, स्टेरोयड्स तथा टर्पेनायड्स, फिनोलस, टेन्निस, सेपोनिंस, फलेवोनॉयड्स, प्रोटीन आदि का पता लगाना, प्रतिदीप्ती विश्लेषण, भौतिक स्थिर मूल्यों सहित भस्म और निस्कर्षण मूल्यों शुष्क और आर्द्र घटकों के बारे में विस्तार से पता लगाना आदि शामिल हैं । चूर्ण औषध में मिलावट का पता लगाने के लिए बृहद स्तर पर विश्लेषणात्मक अध्ययन किया जाता है ।

कोलकाता, दिल्ली, पुणे, चेन्नई एवं लखनऊ स्थित एककों में भा.चि.प. औषधियों के भेषज संहिता मानकों को विकसित करने हेतु केंद्रीय योजना के तहत लगभग 20 एकल पादप औषधियों के भेषज संहिता मानकों का कार्य किया गया ।

7. पादप ऊतक संजनन

जवाहरलाल नेहरु आयुर्वेदिक औषध पादप उद्यान एवं उद्भिदालय, पुणे स्थित प्रयोगशाला में पादप ऊतक संजनन पर प्रायोगिक अध्ययन निरन्तर हो रहा है । वर्तमान में यह संस्थान क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान के नाम से जाना जाता है । परखनलीय प्रसार तकनीक का मानकीकरण के क्रम में, निम्नलिखित तीन महत्वपूर्ण आयुर्वेदिक औषध पादपों पर तीव्र गुणात्मक, बीज अंकुरण एवं अन्य रसायनिक अध्ययन किया जा रहा है ।

1. शालपर्णी

परखनलीय द्वारा उगाए गए शालपर्णी पादपों के पत्तियां कोटेलेडोनेरी नोड्स तथा नोडल भाग को ऊतक संजनन के लिए एक्सप्लांट के रूप में प्रयोग किया जाता है । लीफ एक्सप्लांट पर एमएस + बीएपी (1.मि.ग्रा./ली.) + के.एन. (2.मि.ग्रा./ली.) + आईएए (1.मि.ग्रा./ली.) तथा एमएस + बीएपी (2.मि.ग्रा./ली.) + केएन (1, 1.5 एवं 2 मि.ग्रा./ली.) + आईएए (2 मि.ग्रा./ली.) का विभिन्न सांद्रताओं में कैलस विकास और टहनियों का 7-12 दिनों में पुनरुत्पादन (1-2 टहनी प्राप्त एक्स प्लांट) हेतु संचारित किया गया ।

2. पाठा

प्राकृतिक रुप से उगने वाले पादपों के नोडल भाग पर एमएस माध्यम से संचारित किया गया। 0.1 प्रतिशत पी.वी.पी. घटकों सहित बी.ए.पी., आई.ए.ए. तथा आई.बी.ए. (1-4 मि.ग्रा./ली.) के साथ परिपूरक किया गया । 15-20 दिनों के बाद (5-8 टहनी) टहनियों के विविध भागों का पुनरुत्पादन हुआ । 20-25 दनों के बाद मूल भाग में अनुकूल वृद्धि देखने को मिला जबकि परखनली में उगाने में टहनियों पर 1/2 एम.एस एवं आई.ए.ए. (1 से 4 मि.ग्रा./ली.) का संचारित किया गया । आगे परीक्षण किए जा रहे हैं ।

3. त्रिवृत

प्रतिवेदन अवधि में परखनलीय पुनरुत्पादन के अंतर्गत शीर्ष कली तथा नोडल भाग का एक्सप्लान्ट के रूप में प्रयोग किया जा रहा है ।

नोडल भाग एवं शीर्ष कली पर पूर्ण एवं अर्ध शक्ति एम.एस. माध्यक का के एन, बीएपी एवं आई.एए के साथ विविध सांद्रता में तथा एकल एवं अन्य घटकों के साथ संचारण किया गया । शीर्ष कलियों से विविध टहनी एवं नोडल भाग से एकल टहनियों को पुनरुत्पादन हेतु देखा गया । मूल परीक्षण में, 100 प्रतिशत मूल-उत्तर देखा गया तथा 1/2 एमएस एवं एमएस सतह पर टहनियों में संचारण किया और माध्यक का एन.ए.ए., आई.बी.ए. तथा आई.ए.ए. के साथ परिपूरक किया गया ।

8. औषध मानकीकरण अनुसंधान कार्यक्रम

आयुर्वेद एवं सिद्ध औषधियों/योगों की प्रभावकारिता में अपरिष्कृत औषधियों का मानकीकरण, विनिर्माण प्रक्रिया एवं तैयार उत्पाद महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं । मिश्रित योगों जिनमें बहु बनस्पतियों, औषधियों/खनिज वनस्पति घटकों और औषधियों के विभिन्न वर्गों /योगों यथा भस्म, आसव तथा अरिष्ट और रसयोगादि का मानकीकरण कार्य बहुत ही कठिन है । परिषद ने अपने चेन्नई, कोलकाता, बंगलूर, त्रिवेन्द्रम, लखनऊ तथा जामनगर में स्थित एककों के माध्यम से एकल औषधियों के साथ-साथ मिश्रित योगों के मानकीकरण तथ उन्हें तैयार करने की विधि का कार्य शुरु किया है । विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशा निर्देशों के अनुसार जड़ी-बूटियों तथा उनके मिश्रित योगों का रख-रखाव पर अध्ययन का भी प्रयास किया जा रहा है । इस उद्देश्य के लिए टी.एल.सी. रूपरेखा, एच.पी.टी.एल.सी. फ्रिंगर प्रिंटिंग, माइक्रोबियल स्तर का निर्धारण तथा भारी धातु घटक आदि कुछ महत्वपूर्ण मापदण्ड प्रपत्र में सम्मिलित किए गए हैं । कैप्टन श्रीनिवास मूर्ति औषध अनुसंधान संस्थान, चेन्नई में उक्त परीक्षण पहले ही प्रारम्भ किए जा चुके हैं ।

भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं होम्योपैथी विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने केंद्रीय योजना के अंतर्गत भारतीय चिकित्सा पद्धति के भेषजगुण विज्ञानीय मानकों को तैयार करने के लिए परिषद की चेन्नई, दिल्ली, पुणे, कोलकाता एवं वाराणसी स्थित पांच अनुसंधान प्रयोगशालाओं की परियोजनाएं भी स्वीकृत की गई हैं । परिषद की उक्त एककों द्वारा 33 एकल औषधियों/मिश्रित योगों की आयुर्वेदिक भेषज संहिता के प्रपत्र के अनुसार मानकीकरण किया जा चुका है ।

हास्पिटल सर्विसेज कंसल्टैंसी कार्पोरेशन (भारत सरकार) द्वारा तैयार किए गए परिवार कल्याण विभाग के आर.सी.एच. कार्यक्रम के अन्तर्गत बालरसायन, अर्क पोदीना, अर्क-अजवायन, क्षीर बला तेल एवं सुभाग्य शुंठी के विभिन्न नमूनों का परिषद की दिल्ली, चेन्नई, कोलकाता एवं पुणे स्थित विभिन्न प्रयोगशालाओं में परीक्षण किया गया। कुल 455 मिश्रित योगों का परीक्षण किया गया ।

वर्ष के दौरान किए गये कार्यों का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है -

1. एकल औषधियों का मानकीकरणः

पादप मूल-

कोद्रव	-क्षे.अनु.सं.,त्रिवेन्द्रम
कुसुम्भ	-औ.मा.अनु.ए., जामनगर
घोंटा	-तदैव
एलावालुक	-के.अनु.सं., लखनऊ
करंकारा	-तदैव -
ऋद्धि	- तदैव -
ऋषिभक	- तदैव -
तिनिश	-क्षे.अनु.सं.बगलूर
त्रपुशा	- तदैव -

द्रवन्ती - तदैव -
तक्कोल - तदैव -

खनिज मूल

विडलवण -के.अनु.सं., लखनऊ
समुद्रलवण - तदैव -
औभिदलवण - तदैव -
सैंधव लवण - तदैव -
सौवर्चल लवण - तदैव -
नाग -क्षे.अनु.सं., बेंगलूर
विमल - तदैव -
यशद - तदैव -
गौदन्ती - तदैव -
मंडूर - तदैव -

चूर्ण

वैश्वानर चूर्ण (दो नमून) -क्षे.अनु.सं., त्रिवेंद्रम
श्रीग्यादि चूर्ण - तदैव -
संभाग्यादि चूर्ण - तदैव -
भास्कर लवण चूर्ण - तदैव -
समसकार चूर्ण -कै.श्री.मू.आयु.औ.अनु.सं.चेन्नई
सारस्वत चूर्ण - तदैव -

पाशाविक मूल -

सुक्ति -क्षे.अनु.सं., बंगलूर

2. औषध योगों का मानकीकरण -

भस्मः

महिष श्रृंग भस्म -क्षे.अनु.सं., बंगलूर
शंखनाभि भस्म - तदैव -
शुक्ति भस्म - तदैव -

अन्य योग-

गंधक रसायन -औ.मान.अनु.ए., जामनगर

3.एकल/मिश्रित औषध योगों का टी.एल.सी./एच.पी.टी.एल.सी अध्ययन-

शाल -कै.श्री.मू.आयु.औ.अनु.सं., चेन्नई
कंटकारी - तदैव -
सिरीष - तदैव -
भूआमलकी - तदैव -
पिप्पल्यादि योग - तदैव -
समासर्करा चूर्ण - तदैव -
सारस्वत चूर्ण - तदैव -

4. प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर भारतीय चिकित्सा पद्धति की परिचयात्मक साध्यता नामक परियोजना के लिए औषध योगों का एस.ओ.पी. का विकास/निर्माण की प्राप्ति एवं मानकीकरण।

अपरिष्कृत औषध की गुणवत्ता का निर्धारण -

प्रजनक एवं बाल स्वास्थ्य परियोजना के अंतर्गत औषधियों को तैयार करने के लिए 35 अपरिष्कृत औषधियों के अनेक नमूनों की गुणवत्ता का विश्लेषण भेषजिक मानकों के अनुरूप किया गया ।

इसके अतिरिक्त शहद, गुड, मुक्ता, शुक्ति भस्म एवं मंडूर भस्म आदि के नमूनों का उनकी गुणवत्ता निर्धारण हेतु परीक्षण किया गया ।

विभिन्न योगों के लिए एस.ओ.पी. का विकास -

15 योगों के निर्माण के लिए विभिन्न श्रेणी की औषधियों यथा - टैब्लेट, सीरप, अवलेह, लेहम एवं मलहम आदि के एस.ओ.पी. का विकास किया गया ।

योगों का मानकीकरण एवं निर्माण-

परिषदाधीन केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, कोलकाता द्वारा विकसित एस.ओ.पी. के अनुसार निम्नलिखित औषधियों को तैयार किया गया तथा उनका मानकीकरण किया गया ।

आयुष के वी एम सीरप	के.अनु.सं., कोलकाता, कै.श्री.मू.आयु.औ.अनु.सं.चेन्नई
आयुष पी.के.अवलेह	- तदैव -
आयुष एल.एन.डी.टैब्लेट	- तदैव -
आयुष ए.जी.टैब्लेट	- तदैव -
आयुंष यू.टी. पाउडर	- तदैव -
आयुष के.डी. पाउडर	- तदैव -
आयुष एस.एस. ग्रैनूल्स	- तदैव -
आयुष पी.जी.टैब्लेट	- तदैव -
आयुष बी.सी.टैब्लेट	- तदैव -
आयुष एस.डी.एम.टैब्लेट	- तदैव -
आयुष वी आर जी टैब्लेट	के.अनु.सं.कोलकाता
आयुष ए डी ई टैब्लेट	- तदैव -
आयुष जी.सी.टैब्लेट	- तदैव -
आयुष बी.आर.लेहम	- तदैव -

5. अन्य योग -

शिरीश्यादि क्वाथ चूर्ण	-कै.श्री.मू.आयु.औ.अनु.सं., चेन्नई
श्वास केसरी पाउडर (दो बैच)	- तदैव -
बाल रक्षक घुटी (बैच)	- तदैव -
आयुष घुट्टी (पांच बैच)	- तदैव -
आयुष बी.एल.तेल	-के.अनु.सं., कोलकाता

6. समग्र सूक्ष्म जैविक भार एवं रोगोत्पादक अवयवों की उपस्थिति हेतु परीक्षण

41 एकल औषधियों/मिश्रित योगों का सूक्ष्म जैविक भार एवं रोगोत्पादक अवयवों की उपस्थिति की जानकारी के लिए परीक्षण किया गया ।

कै.श्री.मू.आयु.औ.अनु.सं., चेन्नई

7. औषध/सत्व तैयार किये गये तथा भेषजगुण विज्ञानीय/निदान चिकित्सात्मक अध्ययन के लिए उनकी आपूर्ति की गईः

निम्बतिक्तम	200मि.ग्रा.के 35120 कैप्सूल	-क्षे.अनु.सं., त्रिवेंद्रम
गंधहर नीम्ब तैल	1.74 लीटर	- तदैव -
कास्टस स्पेसस का सत्व	16 ग्राम	- तदैव -
बूटीया मोनोस्पर्मा का सत्व	125 ग्राम	- तदैव -
कोकुलस हर्सुटस का सत्व		-के.अनु.सं., कोलकाता एवं नई दिल्ली
बर्जिनिया लिगुलेटा का बेंजीन एवं 90% जलीय आल्कोहलिक सत्व		-के.अनु.सं., नई दिल्ली
बर्जिनिया सिल्लियाटा का बेंजीन एवं 90% जलीय आल्कोलिक सत्व		- तदैव -
पेट्रोकार्पस सैंटेलीनस का बेंजीन एवं 90% जलीय आल्कोहलिक सत्व		- तदैव -
सोरिलिया कारीलिफोलिया का बेंजीन सत्व		- तदैव -

8. चिंहित द्रव्यों का अलगाव - के.अनु.सं.,कोलकाता

प्रतिवेदनावधि में निम्नलिखित पादपों का परीक्षण किया गया -

क्र.सं.	वैज्ञानिक नाम	संस्कृत/क्षेत्रीय नाम
1.	वोडा राक्सबर्घी आर.ब्र. (आर्किडैसी)	रास्ना
2.	मुर्रया कोनिजी स्प्रेंग (रुटैसी)	सुरभिनिम्ब
3.	कजैनस कैजान (लिन) मिल्लस्प (लेगुमिनासी)	अरहर
4.	क्लेरोसड्रम इंफार्चुनेटम लिन्न (वर्बेनासीय)	भंट
5.	स्वेर्टिया चिरात बच हम (जेन्सियेनेसी)	चिरायता

उपर्युक्त पांचों पादपों का रसायनिक परीक्षण किया गया तथा निम्नलिखित चिंहित द्रव्यों का सांद्रीकरण किया गया तथा विस्तृत विश्लेषणों (यू वी,आई आर, पीएमआर एवं सीएमआर) द्वारा उनकी पहचान की गई -

क्र.स.	पादप एवं परीक्षित भाग का नाम -	चिंहित मिश्रित योग में उनकी उपस्थिति एवं संरचना
1.	वांडा राक्सर्घी (संपूर्ण पादप) रास्ना	



बोकमराइल एसीटेट

2. मर्रया कोनीगी (बीज)
सुरभिनिम्ब



कोएनिम्बिन

3. कजानसकजन (मूल)
अरहर



5, 7, 4-टाईहाइडाक्सी आइसो फ्लेवोन

4. क्लेरसोडहेंड्स इंफार्टुनैटम (पत्तियां)
भंट



क्लेरोडिन

5. स्वेर्टिया चिरायता (संपूर्ण पादप)
चिरायता



स्वेर्चिरिन

9. पूर्व आबंटित औषधियों पर सम्पन्न पादप रासायनिक अध्ययन

(i) शालपर्णी - कै.श्री.मू.आयु.औ.अनु.सं., चेन्नई

ठंडे पिरस्रवण विधि द्वारा पादपीय चूर्ण का एन-हेक्सेन, क्लोरोफार्म एवं मिथेनोल से सत्वीकरण किया गया । हेक्सेन सत्व का सिलिका जैल के ऊपर क्रोमैटोग्राफी किया गया । हेक्सेन से एक ठोस द्रव्य की प्राप्ति हुई जिसमें स्टीरोल के लिए लिर्बमेन बुर्कार्ड परीक्षण किया गया । हेक्सेन : बेंजीन का प्रयोग करते हुए टी.एल.सी. से स्टीरोल को शुद्ध किया गया । एक प्रामाणिक नमूना से तुलना करने पर बेंजीन एथिल एसिटेट से एक रंगरहित ठोस की प्राप्ति हुई जिसकी बीटा सीटोस्टीरोल के रुप में पहचान की गई ।

क्लोरोफार्म सत्व की सिलिका जैल के ऊपर क्रोमैटोग्राफी की गई जिससे क्लोफार्म मिथेनोल द्वारा एक रवेदार योग प्राप्त हुआ जिसने स्टीरोल एवं शर्करा का टेस्ट दिया । प्रमाणिक नमूने के साथ को-टी एलसी द्वारा मिश्रण की बीटा सीटोस्टीरोल, बीटा डी ग्लाकोसाइड के रुप में पहचान की गई ।

सिलिका जैल के ऊपर मिथेनोल सत्व की क्रोमैटोग्राफी की गई तथा एथिल एसीटेट एवं मिथेनोल मिश्रण से एक रंगरहित योग प्राप्त हुआ । इसकी पहचान एवं शुद्धिकरण का कार्य प्रगति पर है ।

(ii) चिन्नी **कै.श्री.मू.आयु.औ.अनु.सं., चेन्नई**

औषध पादप चूर्ण को हेक्सेन, क्लोरोफार्म एवं अल्कोहल के साथ शीत में निस्सार किया गय। सिलिका जैल के ऊपर अल्कोहल सत्व के एथिल एसिटेट के घुनलशील भाग की क्रोमैटोग्राफी करने पर एक रंगरहित ठोस प्राप्त हुआ । बाद में बार-बार क्रोमैटोग्राफी करके शुद्ध किया गया तथा एसिटोन हेक्सेन मिश्रण को पुनः रवे बनाने पर एक ठोस पदार्थ (गलनांक 295 सें.) प्राप्त हुआ । उस ठोस ने सकारात्मक सल्कोवस्की परीक्षण दिया जिससे ट्राइटर्पीनायड की उपस्थिति का संकेत मिला। विश्लेषण के आधार पर इसकी 2 अल्फा, 3 बीटा, 23-टाईहाइड्राक्सी ओलीयन-12-ईन-28-ओएक एसिड जिसकी अर्जुनोलिक एसिड (आकृति-1) के रुप में पहचान की गई । इस द्रव्य की इस पादप की यह पहली रिपोर्ट है ।



आकृति-1

(iii) लोध्र - **क्षे.अनु.सं., त्रिवेंद्रम**

अधोवाह के अन्तर्गत 85 प्रतिशत जलीय एथिल अल्कोहल में इसकी तना-त्वक का सत्वीकरण किया गया तथा एथनाल सत्व को सांद्रित कर इसे रेफ्रीजरेटर में 48 घंटे तक रखा गया। तत्पश्चात एक पीला पदार्थ प्राप्त हुआ जिसने फ्लेवेनायड ग्लाइकोसाइड का टेस्ट दिया ।

एक प्रमाणिक नमूने के गलनांक, आर.एफ. मूल्यांकन से इसकी रुटीन के रुप में पहचान की गई ।

जलीय सत्व के सकारात्मक निनहाईड्रिन परीक्षण से एमिनो अम्ल की उपस्थिति परिलक्षित हुई। इसकी दो तरह से उर्ध्वक्रम क्रोमैटोग्राफी की गई । क्रोमैटोग्राम के निनहाइड्रिन परीक्षण द्वारा आठ एमिनो अम्ल, एलानिन, वेलीन, सीरीन, ग्लाइसीन, एस्पेरेटिक एसिड, आर्जिनिन, ल्यूसिन तथा ग्लूटेमिक अम्ल की पहचान की गई ।

(iv) धातकी **क्षे.अनु.सं., त्रिवेंद्रम**

इसके पुष्पों को 85 प्रतिशत एथिल अल्कोहल तथा जल में अलग-अलग सात्वित किया गन। एथनालिक सत्व को सांद्रित किया गया तथा निनहाइड्रिन के साथ परीक्षण किया गया । इससे एमिनो अम्ल की उपस्थिति परिलक्षित हुई । इसके जलीय सत्व को प्रोटीन की प्राप्ति के लिए अमोनियम सल्फेट के साथ क्रिया कराई गई । यह सल्फुरिक अम्ल के साथ हाइड्रोलीसीस थी । हाइड्रोलाइसेट ने भी सकारात्मक निनहाइड्रिन टेस्ट दिया । पेपर क्रोमैटोग्राफी द्वारा आठ अमिनो अम्ल, यथा एलानिन, ग्लाइसीन वैलीन, सीरीन, ल्यूसीन, थ्रीओनिन, आस्परैटिक अम्ल एवं ग्लूटेमिक अम्ल की स्वतंत्र उपस्थिति परिलक्षित हुई तथा दस एमिनो अम्ल-एलानिन, ग्लाईसीन, वैलीन, सीरीन, ल्यूसीन, थ्रीओनिन, अस्परैटिक अम्ल, ग्लूटैमिक अम्ल एवं आर्जिनिन की प्रोटीन में उपस्थिति मिली । तीन शर्कराओं यथा - ग्लूकोज, गलैक्टोज एवं अरैबिनोज की भी पहचान की गई ।

(v) पिंडव **कै.श्री.मू.आयु.औ.अनु.सं., चेन्नई**

पादप के गोंद के क्लोरोफार्म सत्व से गार्डेनिन-अ प्राप्त हुआ ।

(vi) पाषाण भेद **के.अनु.सं., दिल्ली**

(अ) बर्जिनिया सिल्लियाटा

बेंजीन के सत्वीकरण के बाद पादप अवशेष को सुखाया गया तथा अधोवह के अन्तर्गत गर्म एथनाल (90%) से सत्वीकरण किया गया और गहरा रंग का ठोस पदार्थ प्राप्त हुआ । एथनाल सत्व को फिल्टर तथा कम दाब पर सांद्रित किया गया । एथनाल सत्व को दो भागों में बांटा गया । एक भाग को सुखा कर भेषजगुण विज्ञानीय परीक्षण के लिए भेजा गया तथा दूसरे भाग को 5 घंटे तक 200 मि.ली. तक जल अधोवह करके रुई से छाना गया ।

प्राप्त जलीय सत्व को बैंजीन, एथिलएसिटेट एवं एथिल मिथाइल कीटोन में प्रभाजित किया गया ।

बी. सिल्लियाटा के जलीय एथनालिक सत्व को बेंजीन, एथिलएसिटेट एवं एथिल मिथाइल कीटोन में प्रभाजित किया गया । मदर लिकर को 6 माह तक रेफ्रिजरेटर में रखा गया। फ्लास्क की पैंदी पर सफेद ठोस की पर्याप्त मात्रा पायी गई । इसको छानकर मिथाइल अल्कोहल के साथ बार-बार रवे बनाये गये । इसके दो योग अ और ब अलग करके उनके गलनांक का निर्धारण योग अ, गलनांक 244-45 डिग्री सें. एवं योग ब, गलनांक 152-54 डिग्री सें. पर किया गया । आगे का कार्य प्रगति पर है ।

(ब) बर्जिनिया लिगुलेटा

पाषाण भेद अवशेष भाग से बैंजीन को सुखा कर दूर किया गया तथा अधोवह के अंतर्गत गर्म एथनाल से (90%) सत्वीकरण किया गया । सात्वित एथनाल को फिल्टर (वाट मैन सं. -3) किया गया तथा कम दबाब पर सांद्रित करने पर गाढ़ा रंगीन ठोस पदार्थ प्राप्त हुआ । एथनाल सत्व को 150 मि.ली. जल में 5 घंटे तक अधोवह करके रुई से छाना गया । तत्पश्चात् जलीय सत्व को बैंजीन, एथिल एसिटेट एवं एथिल मिथाइल कीटोन में क्रमशः अवघटित किया गया । इसके बाद कम दाब पर इनको सांद्रित किया गया ।

10. पेटेंट — के.अनु.सं., कोलकाता

पेटेंट की चार विधियों को मंजूरी दी गई ।

9. भेषजगुणविज्ञानीय अनुसंधान कार्यक्रम

भेषजगुण विज्ञानीय एवं विषाक्तता का प्रायोगिक जीवों पर अध्ययन एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है जो कि नई औषधियों के विकास या प्राचीन दावों की पुष्टि या लोक कथाओं में वर्णित औषधियों की पुष्टि करता है । इन्ही उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए परिषद ने भेषजगुण विज्ञानीय अनुसंधान कार्यक्रम के माध्यम से चेरुथुरुथि, कोलकाता, मुम्बई, पटियाला एवं त्रिवेंद्रम में 18 एकौषधियों, सांकेतिक औषधियों एवं मिश्रित योगों पर अध्ययन किया । संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है-

1. अग्निमंथ **के.अनु.सं.को.**

रंजकहीन चूहों में 100 मि.ग्रा./कि.ग्रा. औषध से महत्वपूर्ण ऐंठन प्रभाव पाया गया ।

100 मि.ग्रा./कि.ग्रा. औषधि से रंजकहीन चूहों ने कोई व्यग्रता नहीं प्रकट की जबकि 200 मि.ग्रा./कि.ग्रा. औषधि ने मध्यम प्रभाव दिखाया ।

2. अरलु **के.अनु.सं.को.**

तीव्र विषाक्तता अध्ययन हेतु गिनी पिगों को अन्तः उदावरण द्वारा 10, 25, 50, 100 एवं 200 मि.ग्रा./कि.ग्रा., शरीर भार से औषधि दी गई । जन्तु जिन्हें 200 मि.ग्रा./कि.ग्रा., शरीर भार से औषधि दी गई, उनमें कम गतिशीलता देखी गई एवं 24 घंटे के अंदर मर गये जबकि दूसरे समूहों में कोई नश्वरता नहीं पायी गयी ।

पेंटोबार्बीटोन द्वारा उत्पन्न निद्रा में यह प्रभावहीन पाया गया ।

आंत्रिक गतिशीलता अध्ययन के अंतर्गत औषधि में 100 मि.ग्रा./कि.ग्रा., शरीर भार की मात्रा में महत्वपूर्ण प्रभाव पाया गया । एवं मानक नियंत्रण की तुलना में आंत्रिक गतिशीतलता में प्रबल क्रियाशीलता पायी गयी ।

मानक की तुलना में औषधि (मात्रा 100 मि.ग्रा./कि.ग्रा.) ने चूहों में महत्वपूर्ण तड़पड़ाने वाला प्रभाव दर्शाया ।

रंजकहीन चूहों में औषधि (25, 50, 100 एवं 200 मि.ग्रा./कि.ग्रा. अन्तः उदावरण) की नियंत्रण की तुलना में गतिशीलता में कोई सार्थक प्रभाव नहीं पाया गया।

दोनों लिंग के चूहों में औषधि का अतिसाररोधी अध्ययन किया गया । एरण्डी के तेल के प्रभाव की तुलना मानक औषधि डाई फिनोक्सीलेट से की गई । परिणामों से 50, 100 मि.ग्रा./कि.ग्रा.,

शरीर भार की मात्रा में औषधि ने महत्वपूर्ण प्रभाव दिखाया जबकि कोई भी वेदनाहर प्रभाव नहीं पाया गया ।

के.अनु.सं.चे.

चूहों में केराजीन द्वारा उत्पन्न पंजाशोथ में न तो जलीय न ही क्वाथ में (500 एवं 1000 मि.ग्रा./कि.ग्रा., शरीर भार, मुखीय) कोई महत्वपूर्ण शोथहर प्रभाव पाया गया।

क्वाथ (100 एवं 500 मि.ग्रा./कि.ग्रा., शरीर भार, मुखीय) में कोई महत्वपूर्ण वेदनाहर प्रभाव नहीं पाया गया ।

चूहियों में पेंटोबार्बीटोन द्वारा उत्पन्न ऊतकक्षय में कोई महत्वपूर्ण केंद्रीय तंत्रिका तंत्र प्रभाव नहीं पाया गया ।

3. आयुष- 64 (नया योग) **के.अनु.सं.को.**

गिनीपिगों पर औषधि (10, 25, 50, 100 एवं 200 मि.ग्रा./कि.ग्रा., अंतः उदावरण)का तीक्ष्ण विषाक्तता अध्ययन किया गया । मानक की तुलना में कोई मरणशीलता नहीं पायी गयी ।

पेंटोबार्बीटोन द्वारा उत्पन्न निद्रा मं यह औषधि (50 एवं 100 मि.ग्रा./कि.ग्रा., मुखीय) प्रभावहीन पायी गयी । औषधि (50मि.ग्रा./कि.ग्रा. अंतः उदावरण) ने नर रंजकहीन चूहों में महत्वपूर्ण ऐंठनशीलता प्रदर्शित की ।

आयुष - 64 (25, 50, 100 एवं 200 मि.ग्रा./कि.ग्रा. मुखीय) ने रंजकहीन चूहों में कोई वेदनाहर प्रभाव नहीं दिखाया ।

औषधि (25, 50 एवं 100 मि.ग्रा./कि.ग्रा.), मुखीय ने रंजकहीन चूहों में गतिशीलता में कोई सार्थक प्रभाव नहीं दिखाया ।

के.अनु.सं.प.

आयुष-64 ने 50-500 मि.ग्रा./कि.ग्रा. शरीर भार, मात्रा में कोई विपरीत प्रभाव नहीं पैदा किया।

4. तनावहर औषधि - एक सांकेतिक औषधि **के.अनु.सं.को.**

तनावहर औषधि (100 एवं 200 मि.ग्रा./कि.ग्रा., शरीर भार, मुखीय) में नियंत्रण औषधि की तुलना में ऐंठनशीलता में कोई संरक्षण नहीं पाया गया ।

दोनों मात्राओं (100 एवं 200 मि.ग्रा./कि.ग्रा. मुखीय) में औषधि ने रंजकहीन चूहों में व्यग्रता में कोई प्रभाव नहीं दिखाया ।

5. प्रायोगिक हृद्पेशी रोधगलन **के.अनु.सं.चे.**

शिलाजीत, वेलाकोट्टम, आयुर्वेदिक संपाक-I एवं - II द्वारा एंजाइम सीपीके का महत्वपूर्ण ढ़ंग से दमन किया गया । हृद्रपेशी रोधगलन में आयुर्वेदिक संपाक- II-संपांक-I से ज्यादा प्रभावशाली पाया गया ।

6. जीवीके योग (एक सांकेतिक औषधि) के.अनु.सं.को.

पेंटोबार्बीटोन द्वारा उत्पन्न निद्रा में जीवीके (50 एवं 100 मि.ग्रा./कि.ग्रा. मुखीय) प्रभावहीन पाया गया ।

मानक की तुलना में जीवीके (50 मि.ग्रा./कि.ग्रा., अंतः उदावरण) ने रंजकहीन नर चूहों में महत्वपूर्ण तड़पड़ाने वाला प्रभाव पैदा किया ।

जीवीके योग ने 25 मि.ग्रा./कि.ग्रा., मुखीय मात्रा में चूहियों में महत्वपूर्ण गतिशीलता दिखाई जबकि चूहों में औषधि ने 25, 50 एवं 100 मि.ग्रा./कि.ग्रा. मुखीय मात्रा में सार्थक गतिशीलता नहीं प्रदर्शित की ।

जीवीके योग (30,150 एवं 300 मि.ग्रा./कि.ग्रा., शरीर भार, चूहों में, मुखीय) ने 15 दिन के उपचार के दौरान शरीर भार में कोई सार्थक परिवर्तन नहीं दिखाया । 300 मि.ग्रा./कि.ग्रा., मात्रा तक मरणशीलता भी नहीं देखी गयी । मानक की तुलना में सजीव अंगों के भार में कोई परिवर्तन नहीं पाया गया । उप-तीक्ष्ण विषाक्तता अध्ययन के अंतर्गत औषधि (25, 125 एवं 250 मि.ग्रा./कि.ग्रा., शरीर भार, मुखीय) ने चूहों के शरीर भार में कोई सार्थक परिवर्तन नहीं पाया गया ।

7. हम्सपदी **के.अनु.सं.चे.**

क्वाथ (500 एवं 1000 मि.ग्रा/कि.ग्रा., शरीर भार) जलीय सत्व (500 एवं 1000 मि.ग्रा./कि.ग्रा., शरीर भार) एवं अल्कोहल सत्व (100 एवं 500 मि.ग्रा./कि.ग्रा., शरीर भार) का पेंटोबार्बीटोन द्वारा उत्पन निद्रा के अध्ययन के दौरान कोई सार्थक प्रभाव नहीं पाया गया ।

क्वाथ एवं जलीय सत्व ने 1000 मि.ग्रा./कि.ग्रा., शरीर भार की मात्रा में महत्वपूर्ण ज्वरहर प्रभाव दिखाया जबकि अल्कोहल सत्व ने चूहों में कम प्रभाव दर्शाया । इसके प्रयोग से

समन्वेषी व्यवहार में कोई प्रभाव नहीं पाया गया । अवसादक रोधी अध्ययन के दौरान कोई सार्थक परिवर्तन परिलक्षित नहीं हुआ ।

चूहों में प्रायोगिक औषधि का वेदनाहर अध्ययन भी किया गया । जलीय सत्व (100 एवं 500 मि.ग्रा./कि.ग्रा., शरीर भार मुखीय) ने उन चूहों को जिन्हें आसवित जल दिया गया की तुलना में सार्थक वेदनाहर प्रभाव नहीं दिखाया ।

8. जामती की वेल, चिलाहिंता **के.अनु.स.को.**

औषधि के जड़ीय सत्व के भेषजगुण विज्ञानीय अध्ययन के अंतर्गत 200 एवं 100 मि.ग्रा./कि.ग्रा., शरीर भार, की मात्रा में ऐंठन रोधी प्रभाव एवं व्यग्रता में कोई सार्थक प्रभाव नहीं पाया गया ।

9. जीरकादि मोदक **के.अनु.सं.को.**

तीक्ष्ण विषाक्तता अध्ययन के अंतर्गत जीरकादि मोदक (2000, 1000, 500, 200 एवं 100 मि.ग्रा./कि.ग्रा., शरीर भार) स्वस्थ रंजकहीन चूहों को खिलाया गया । इस औषधि मात्रा तक कोई मरणशीलता नहीं पायी गयी एवं औषधि इस मात्रा तक सुरक्षित है ।

औषधि ने तैराकी तनाव में कोई सार्थक प्रभाव नहीं दिखाया । औषधि(200 एवं 100 मि.ग्रा./कि.ग्रा. शरीर भार) ने गतिहीन जन्तुओं में कोई सार्थक प्रभाव नहीं दिखाया।

औषधि में 25, 50,100 एवं 200 मि.ग्रा./कि.ग्रा. शरीर भार मात्रा में सार्थक वेदनाहर प्रभाव नहीं पाया गया ।

10. कुटज **के.अनु.सं.को.**

गिनीपिगो पर औषधि (10, 25, 50, 100 एवं 200 मि.ग्रा./कि.ग्रा., शरीर भार, अन्तः उदावरण) का तीक्ष्ण विषाक्तता अध्ययन किया गया । मानक की तुलना में कोई मरणशीलता नहीं पायी गयी ।

पेंटोबार्बीटोन द्वारा उत्पन्न निद्रा में यह औषधि (50 एवं 100 मि.ग्रा./कि.ग्रा., मुखीय) प्रभावहीन पायी गयी ।

आंत्रिक गतिशीलता अध्ययन के अंतर्गत औषधि में 100 मि.ग्रा./कि.ग्रा. शरीर भार की मात्रा में महत्वपूर्ण प्रभाव पाया गया एवं मानक नियंत्रण की तुलना में आंत्रिक गतिशीलता मे प्रवल क्रियाशीलता पायी गयी ।

मानक की तुलना में औषधि (मात्रा 50 मि.ग्रा./कि.ग्रा., अन्तः उदावरण) ने चूहों में महत्वपूर्ण तड़पड़ाने वाला प्रभाव दर्शाया ।

औषधि ने 25, 50, 100 एवं 200 मि.ग्रा./कि.ग्रा., मुखीय मात्रा में सार्थक वेदनाहर प्रभाव नहीं दिखाया ।

रंजकहीन चूहियों में औषधि (25, 50, 100 एवं 200 मि.ग्रा./कि.ग्रा., अंतः उदावरण) की नियंत्रण की तुलना में गतिशीलता में कोई सार्थक प्रभाव नहीं पाया गया।

अतिसार रोधी अध्ययन के अंतर्गत औषधि (50 मि.ग्रा./कि.ग्रा. शरीर भार) में सार्थक अतिसार रोधी प्रभाव पाया गया ।

11. निम्बादि चूर्ण **के.अनु.सं.को.**

उप तीक्ष्ण विषाक्तता अध्ययन हेतु, निम्बादि चूर्ण रंजकहीन चूहियों को 250, 125, 25 मि.ग्रा./कि.ग्रा., शरीर भार मुखीय रुप में खिलाया गया । यह औषधि 7वें दिन तक दी गई । औषधि ने कोई विषाक्त प्रभाव नहीं दिखाया । जन्तु स्वस्थ पाये गये एवं कोई मरणशीलता नहीं पायी गयी ।

12 पाषाण भेद - (अ) बार्जिनिआ लिगुलेटा **के.अनु.सं.प.**

औषधि की जड़ के अल्कोहल सत्व ने मुखीय रुप में, व्यवहार में, रुग्णता, मरणशीलता, 1000 मि.ग्रा./कि.ग्रा., शरीर भार तक नहीं पैदा की । औषधि ने वेदनाहर, ऐंठन-रोधी, निम्नतापी, शोथहर प्रभाव नहीं दिखाये एवं पैंटोबार्बीटोन द्वारा उत्पन्न निद्रा में भी अप्रभावी रही ।

13. पाषाण भेद - (ब) बार्जिनिआ सिल्लियाटा **के.अनु.सं.प.**

औषधि ने 100, 200 एवं 300 मि.ग्रा./कि.ग्रा., शरीर भार, मात्रा में कोई गतिविधि नहीं दिखाई ।

14. रक्त चंदन **के.अनु.सं.प.**

रक्त चंदन ने 50,150 एवं 500 मि.ग्रा./कि.ग्रा., शरीर भार, मुखीय शोथहर प्रभाव दर्शाया ।

15. शिग्रु — के.अनु.सं.को.

शिग्रु की जड़ एवं तना त्वक के अल्कोहल सत्वों का वेदनाहर अध्ययन किया गया । रंजकहीन चूहों ने 100 एवं 200 मि.ग्रा./कि.ग्रा., मुखीय, मात्रा में कोई सार्थक प्रभाव नहीं दिखाया ।

16. सुरभि निम्ब (एम के-2: एक सांकेतिक औषधि) — के.अनु.सं.को.

पादप सत्व के हेक्सेन प्रभाग से प्राप्त एक क्षारोद: एम के-2 का भेषजगुणविज्ञानीय अध्ययन किया गया । मानक की तुलना में एम के-2 (50 एवं 100 मि.ग्रा./कि.ग्रा., मुखीय) ने आंत्रिक गतिशीलता में सार्थक प्रभाव दिखाया ।

मानक की तुलना में एम के-2 (50 एवं 100 मि.ग्रा./कि.ग्रा., शरीर भार, मुखीय) में सार्थक अतिसार रोधी प्रभाव पाया गया ।

सुरभि निम्ब क्वाथ ने चूहों में लाभकारी यकृत रक्षी प्रभाव दर्शाया ।

17. तालिस पत्र — के.अनु.सं.को.

